

दैनिक मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छतीसगढ़ से प्रकाशित
# चम्बल सुर्खी
उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

## लाल किला परिसर में तीन दिवसीय सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य महामंचन का हुआ शुभारंभ

# शासकों के लिए आज भी आदर्श हैं सम्राट विक्रमादित्य : उप राष्ट्रपति श्री धनखड़

### दिल्ली की शाम हुई मालवा की संस्कृति से मनोहारी

### 14 अप्रैल तक चलेगा महानाट्य का महामंचन, 250 कलाकार एक साथ कर रहे हैं अभिनय







**दिल्ली/भोपाल,एजेंसी।** दिल्ली के लाल किले पर सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन शुरू हो गया हैं, कार्यक्रम में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, मप्र के राज्यपाल मंगू भाई पटेल, सीएम डॉ. मोहन यादव, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शामिल हुए।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताते हुए कहा- मैं उनके प्रति धन्यवाद प्रकट करना चाहती हूं, जिन्होंने इतना भव्य आयोजन दिल्ली में किया और दिल्ली वासियों को समृद्ध भारतीय संस्कृति, उज्जैन की गुफाएं और सम्राट विक्रमादित्य जैसे गौरवशाली महानायक को नजदीक से जानने और देखने का अवसर दिया। दिल्ली के लाल किले पर सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन किया जा रहा है। दिल्ली के लाल किले पर सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का यह गौरवशाली क्षण हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। मेरा पूरा मंत्रिमंडल और सभी विधायक गण इस आयोजन में शामिल हुए। यह कार्यक्रम न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे भारत के गौरव को सामने लाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'श्रेष्ठ भारत' का जो विजन है, यह आयोजन उसी का एक हिस्सा है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताया। रेखा गुप्ता ने कहा कि जब तक हम अपने सीमित दायरे से बाहर निकलकर अपने अतीत, परंपरा और ऐतिहासिक नायकों को नहीं जानेंगे, तब तक आने वाली पीढ़ियों को उनके योगदान को समझाना मुश्किल होगा। सम्राट विक्रमादित्य जैसे शूरवीर, जो रात में वेश बदलकर जनता के बीच निकलते थे, आज भी शासन प्रणाली के लिए आदर्श बने हुए हैं। कार्यक्रम में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, मप्र के राज्यपाल मंगू भाई पटेल, सीएम डॉ. मोहन यादव, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत मौजूद रहें।

कार्यक्रम में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, मप्र के राज्यपाल मंगू भाई पटेल, सीएम डॉ. मोहन यादव, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत मौजूद रहें। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा- यह केवल एक नाट्य प्रस्तुति नहीं, बल्कि भारत के उस स्वर्णिम युग का उत्सव है, जिसने न्याय, संस्कृति, विज्ञान और धर्म के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया।

## संक्षिप्त समाचार



### सुखबीर बादल फिर बने अकाली दल के प्रधान

**अमृतसर,एजेंसी।** सुखबीर सिंह बादल एक बार फिर शिरोमणि अकाली दल (SAD) के प्रधान बन गए हैं। अमृतसर में गोल्डन टेंपल परिसर में बने तेजा सिंह समुद्री हॉल में पार्टी की बैठक में सर्वसम्मति के साथ इसका फैसला लिया गया। कार्यकारी प्रधान बलविंदर सिंह भूंदड़ ने इस दौरान उनके नाम को प्रपोज किया। इस चुनाव के लिए बादल के खिलाफ किसी ने भी अपना नाम प्रपोज नहीं किया। इसके बाद सर्वसम्मति के साथ सुखबीर बादल को प्रधान चुन लिया गया। अकाली नेता और इन चुनावों के लिए चुने गए रिटर्निंग ऑफिसर गुलजार सिंह रणिके ने बैठक के बीच बादल के नाम पर मोहर लगा दी।

### प. बंगालः हिंसा के बीच शुभेंदु ने अनुच्छेद 355 लागू करने की मांग की

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता और भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने राज्य में कथित रूप से बड़े पैमाने पर हिंसा और अराजकता के बारे में चिंता जताई. उन्होंने इसके लिए एक समूह के विरोध प्रदर्शन को जिम्मेदार ठहराया, जिसे उन्होंने संविधान और देश के कानून का विरोध करने वाला कट्टरपंथी कहा एक्स पर एक पोस्ट में अधिकारी ने आरोप लगाया कि सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है. अनियंत्रित भीड़ की कार्रवाइयों के कारण सार्वजनिक सुरक्षा से समझौता किया जा रहा है। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल में एक खास समूह के कट्टरपंथियों द्वारा विरोध प्रदर्शन के नाम पर बड़े पैमाने पर हिंसा, अराजकता और अराजकता देखी जा रही है. ये लोग जिन्होंने साफ तौर पर कहा है कि वे भारत के संविधान के खिलाफ हैं. देश के कानून का विरोध करेंगे, वे सड़कों पर उतर आए हैं।

### देशभर में यूपीआई सर्विस 3 घंटे डाउन रहीन्यूजर्स को पेमेंट करने में हुई दिक्कत

**मुंबई,एजेंसी।** देशभर में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई सर्विस करीब तीन घंटे डाउन रही। शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे से 1:00 बजे तक सबसे ज्यादा पेमेंट फेल्योर रिपोर्ट की गई। दोपहर करीब 3:00 बजे तक पेमेंट करने में दिक्कतें आई। बीते 20 दिन में यह तीसरी बार है जब ट्रांजैक्शन में समस्या हुई। वेबसाइट और ऑनलाइन सर्विसेज की रियल टाइम स्टेटस बताने वाला प्लेटफॉर्म डाउन डिटेक्टर के अनुसार समस्या फेस कर रहे करीब 81% लोगों को पेमेंट करने में समस्या आई। 17% लोगों को फंड ट्रांसफर करने और लगभग 2% को खरीदारी करने में दिक्कतें हुई।

## वक्फ बिल पर संसद में नेता प्रतिपक्ष की चुप्पी से मुस्लिम समाज में आक्रोशः मायावती



**लखनऊ,एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने वक्फ कानून को लेकर लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि संसद में चर्चा के दौरान वक्फ बिल पर जिस तरह चुप्पी नेता प्रतिपक्ष ने साध रखी थी, इसे लेकर मुस्लिम समाज में आक्रोश है। बसपा मुखिया मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि वक्फ संशोधन बिल पर लोकसभा में हुई लंबी चर्चा में नेता प्रतिपक्ष द्वारा कुछ नहीं बोलना, अर्थात सीएए की तरह संविधान उल्लंघन का मामला होने के विपक्ष के आरोप के बावजूद इनका चुप्पी साधे रहना क्या उचित है? इसे लेकर मुस्लिम समाज में आक्रोश और इनके इंडी गठबंधन में भी बेचैनी स्वाभाविक है। उन्होंने आगे कहा कि वैसे भी देश में बहुजनों के हित, कल्याण एवं सरकारी नौकरी व शिक्षा आदि में इन वर्गों के आरक्षण के अधिकार को निष्प्रभावी व निष्क्रिय बनाकर उन्हें वंचित बनाए रखने के मामले में कांग्रेस, भाजपा आदि ये पार्टियां बराबर की दोषी हैं।

## सुप्रीम कोर्ट की राष्ट्रपति को लेकर टिप्पणी

# कहाः लंबित विधेयकों पर 3 महीने में लें फैसला



**नईदिल्ली,एजेंसी।** कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को राज्यपाल द्वारा लंबित रखे जाने पर सख्त नाराजगी जाहिर की थी। अब कोर्ट ने इस संबंध में राष्ट्रपति को लेकर भी टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा विचार के लिए भेजे गए विधेयकों पर 3 महीने की भीतर फैसला लेना होगा। अगर इससे ज्यादा देरी होती है तो राज्य को इसका कारण भी बताना होगा।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा, यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि न्यायालय ऐसे मामलों में हस्तक्षेप करने में शक्तिहीन नहीं होंगे, जहां संवैधानिक प्राधिकारी द्वारा कार्य का निष्पादन उचित समय के भीतर नहीं किया जा रहा है। राज्यपाल राष्ट्रपति के विचार के लिए विधेयक सुरक्षित रखता है और राष्ट्रपति उस पर अपनी सहमति रोक लेता है तो राज्य सरकार के लिए इस न्यायालय के समक्ष ऐसी कार्रवाई का विरोध करने का विकल्प होगा। राज्यों को उन संवैधानिक प्रावधानों पर कानून पेश करने से पहले केंद्र से परामर्श करना चाहिए, जहां राष्ट्रपति की सहमति की जरूरत हो सकती है। केंद्र को राज्य सरकारों द्वारा भेजे गए विधायी प्रस्तावों पर उचित सम्मान और तत्परता से विचार करना चाहिए।

राज्यों से अपेक्षा की जाती है कि वे सहयोगात्मक बनें और केंद्र द्वारा दिए गए सुझावों पर शीघ्रता से विचार करें। कोर्ट ने सरकरिया आयोग का भी जिक्र किया, जिसने समयसीमा निर्धारित करने का सुझाव दिया था। सुप्रीम कोर्ट का ये फैसला ऐतिहासिक है, क्योंकि ये पहली बार है जब कोर्ट ने राष्ट्रपति के लिए इस तरह की समय सीमा निर्धारित की है। यहां तक कि संविधान के अनुच्छेद 201 में भी राष्ट्रपति के लिए किसी समय सीमा का जिक्र नहीं है।

## भाजपा विधायक ने किया बड़ा दावा

# मणिपुर में कानून-व्यवस्था में हुआ सुधार, जल्द ही बनेगी नई सरकार




**इंफाल,एजेंसी।** मणिपुर के एक भाजपा विधायक ने शनिवार को दावा किया कि राज्य में कानून-व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है और उम्मीद जताई कि जल्द ही नई सरकार बनेगी। भाजपा विधायक टी. रोबिन्द्रो ने कहा कि मैतेई और कुकी नागरिक समूहों के बीच शांति वार्ता भी शुरू हो गई है। काकचिंग जिले में पत्रकारों से बातचीत करते हुए टी. रोबिन्द्रो ने कहा कि, कानून-व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। हमें पूरा विश्वास है कि केंद्र जल्द से जल्द नई सरकार का गठन करेगा। मैतेई और कुकी समूहों के बीच शांति वार्ता शुरू हो गई है। हमारा मानना है कि शांति लाने में सहायता के लिए निकट भविष्य में मैतेई और कुकी विधायकों के बीच बातचीत होगी। मुझे विश्वास है कि जल्द ही नई सरकार बनेगी।

## चूरू में पं. प्रदीप मिश्रा की कथा के दौरान पंडाल गिरा, तीन घायल

**चुरू,एजेंसी।** जिले में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा के दौरान बड़ा हादसा हो गया। दरअसल मौसम के अचानक बदल जाने से तेज हवाओं तथा धूल भरी आंधी के चलते कथा स्थल पर लगा विशाल पंडाल गिर गया और वहां मौजूद लगभग 15 हजार लोगों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। घटना में एक महिला, एक पुरुष और एक बच्चा घायल हो गए। तीनों को तुरंत एंबुलेंस की सहायता से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

## धनवर्षा गिरोह से जुड़े नए खुलासे

# कुंवारी लड़कियां रहती थीं निशाने पर, जांच करते थे आरोपी;एएसपी ने खोले हर राज




**संभल,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के चर्चित धनवर्षा मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें जिले से दूसरे जिलों व राज्यों को रवाना हो चुकी हैं। एएसपी अनुकृति शर्मा ने बताया कि धनवर्षा वाले मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी प्रोफेसर दशरथ सिंह व डीएन त्रिपाठी से जुड़े संदिग्ध लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें रवाना हुई हैं। एएसपी ने बताया कि यह पुलिस टीमें दिल्ली समेत दूसरे राज्यों व जिलों से मिले इनपुट के आधार पर रवाना की गई हैं। जल्द ही टीमें आरोपियों को गिरफ्तार कर जिले के लिए लौटेंगी। इसके बाद पूरे मामलों में बड़ा खुलासा होने की उम्मीद है।

धनवर्षा के नाम पर लड़कियों का शारीरिक शोषण करने वाले तांत्रिक गिरोह मामले में अब तक आगरा के बुलंदशहर, संभल, एटा, फिरोजाबाद और आगरा के 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को गिरोह के कई और सदस्यों की तलाश है। पुलिस को गिरफ्तार गिरोह के सदस्यों के मोबाइल फोन से कई लड़कियों के फोटो मिले। हैरान कर देने वाली बात यह है कि पुलिस ने एक ऐसे शख्स को गिरफ्तार किया है, जो मथुरा की एक निजी यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर था।

# वक्फ कानून का विरोध, मुर्शिदाबाद में 3 की मौत

### भीड़ ने आज पिता-बेटे को पीट-पीटकर मारा; अबतक 118 गिरफ्तार, इंटरनेट बंद




**मुर्शिदाबाद,एजेंसी।** वक्फ कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में शनिवार को फिर हिंसा भड़क गई। हिंसक भीड़ ने पीट-पीटकर पिता-बेटे की हत्या कर दी। इनकी पहचान हरगोविंद दास और चंदन दास के रूप में हई है। दोनों हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाते थे। वहीं, गोली लगने से एक अन्य घायल है। हिंसा जिले के समसेरगंज ब्लॉक के धुलियान में हुई। इसके अलावा बीते दिन की हिंसा में घायल एक व्यक्ति की आज अस्पताल में मौत हो गई। मुर्शिदाबाद हिंसा में अबतक कुल तीन लोगों की मौत हो चुकी है। हिंसाग्रस्त इलाकों में इंटरनेट बंद कर दिया गया है। ADG (लॉ एंड ऑर्डर) जावेद शमीम ने कोलकाता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया- आज की घटना का ब्योरा अभी उपलब्ध नहीं है। गोली पुलिस की ओर से नहीं चली है, BSF की ओर से हो सकता है। ये शुरुआती जानकारी है। घायल खतरे से बाहर है। अबतक 118 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदर्शनकारियों से कहा- वक्फ कानून राज्य में लागू नहीं किया जाएगा। कानून केंद्र ने बनाया है, इसलिए जो जवाब आप चाहते हैं, वह केंद्र से मांगा जाना चाहिए। मेरी अपील है कि शांत रहें। सबकी जान कीमती है, राजनीति के लिए दंगे न भड़काएं। मुर्शिदाबाद समेत चार जिलों में 11 अप्रैल को हिंसा हुई थी। प्रदर्शनकारियों ने वाहनों में आग लगा दी थी और पुलिस पर पथराव किया था।

सुइटी थाना क्षेत्र के साजूर क्रॉसिंग में पुलिस पर क्रूड बम भी फेंके गए थे। इस दौरान 10 पुलिसकर्मी घायल हुए थे।

# तहव्वुर 26/11 के मास्टरमाइंड साजिद के संपर्क में था:पाकिस्तानी सेना की वर्दी से खास लगाव

### एनआईए की पूछताछ में 'दुबई मैन' का नाम लिया




**नई दिल्ली,एजेंसी ।** 2008 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने शनिवार को दूसरे दिन भी पूछताछ की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राणा ने पूछताछ में बताया कि वह ग्लोबल टेररिस्ट साजिद मीर से लगातार संपर्क में था, जो 26/11 हमलों का मास्टरमाइंड माना जाता है। इसके अलावा पूछताछ में राणा ने 'दुबई मैन' का नाम लिया है, जिसे हमले की पूरी प्लानिंग पता थी। एजेंसी को शक है कि यह व्यक्ति पाकिस्तान और दुबई के बीच नेटवर्क संभालता था और हमलों की फाइनेंसिंग, लॉजिस्टिक सपोर्ट में अहम भूमिका निभा रहा था।

ये भी पता चला है कि राणा का पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI से भी करीबी संपर्क था और उसे पाकिस्तानी सेना की वर्दी से खास लगाव था। इससे पहले NIA ने पूछताछ के पहले दिन (शुक्रवार को) 3 घंटे पूछताछ की। एजेंसी ने बताया कि वह कोऑपरेट नहीं कर रहा है। NIA की कोशिश है कि तहव्वुर के परिवार और दोस्तों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954

# 9 शिक्षको एवं 2 अधीक्षको को कारण बताओ नोटिस जारी



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशानुसार प्रभारी सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्योपुर श्री रिशु सुमन द्वारा आज कराहल विकासखण्ड के शा.मा.वि. कालीतलाई, आदि.कन्या आश्रम भीमलत, शा.मा.वि. ककरधा, आदि.बालक आश्रम ककरधा, शा.मा.वि. भीमलत, शा.प्रा.वि. भेला-ए, शा.प्रा.वि. भेला-बी, शा.प्रा.वि. गांधीगांव, शा.प्रा.वि. पिपरानी, शा.मा.वि. पिपरानी, शा.प्रा.वि. देवपुरा, आदि.कन्या आश्रम करांई, शा.मा.वि. करांई, शा.मा.वि. गढ़ला, शा.प्रा.वि. गढ़ला एवं शा.प्रा.वि. भिलाला बस्ती गढ़ला का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान अनुपस्थित पाये गये 9 शिक्षको एवं 2 अधीक्षको को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है। सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण श्री सुमन ने बताया कि शासकीय माध्यमिक विद्यालय कालीतलाई के निरीक्षण के दौरान माध्यमिक शिक्षक श्रीमती अंजू वाटवानी, श्री अनुराग सिसौदिया, श्रीमती शशिकला वर्मा, प्राथमिक शिक्षक श्रीमती नीलमणी शर्मा, आदिवासी कन्या आश्रम भीमलत के निरीक्षण के दौरान अधीक्षिका श्रीमती रश्मि उमरैया, प्राथमिक शिक्षक श्री विक्रम सिंह चौहान, शासकीय माध्यमिक विद्यालय ककरधा के निरीक्षण के दौरान माध्यमिक शिक्षक श्रीमती सुनीता शर्मा, आदिवासी बालक आश्रम ककरधा के निरीक्षण के दौरान अधीक्षक श्री राकेश सिकरवार, प्राथमिक शिक्षक कु. नेहा खरे, शासकीय माध्यमिक विद्यालय गढला के निरीक्षण के दौरान माध्यमिक शिक्षक श्री कुलदीप शर्मा, शासकीय प्राथमिक विद्यालय भिलाला बस्ती गढला के निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शिक्षक श्री बृजेश कुमार शर्मा अनुपस्थित मिले, जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने की कार्यवाही की गई है।

# विजयपुर में मवेशियों के लिए 4 स्थानों पर पशु होद का संचालन



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा नगरीय निकायों को दिये गये निर्देशो के क्रम में नगर परिषद विजयपुर द्वारा 4 स्थानों पर ग्रीष्मकाल में मवेशियों, पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की गई है। कुल 4 स्थानों पर पशु होद संचालित किये गये है। एसडीएम एवं प्रभारी सीएमओ श्री अभिषेक मिश्रा ने बताया कि नगरपरिषद द्वारा कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशो के क्रम में विजयपुर में तहसील कार्यालय, सामुदायिक भवन, एसडीओपी बंगले के पास तथा मंडी क्षेत्र सहित कुल 4 स्थानों पर मवेशियों के लिए पानी की व्यवस्था करते हुए पशु होद का संचालन शुरू कर दिया गया है, जिसमें नियमित रूप से आवश्यकतानुसार समय-समय पर पानी भरा जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने गर्मियों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से सभी नगरीय निकायों को निर्देश दिये है कि अपने-अपने क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्याऊ का संचालन किया जायें, इसी प्रकार गौवंश तथा अन्य मवेशियों के लिए सीमेंट की टंकी का उपयोग करते हुए पशुहोद बनाये जायें तथा उसमें नियमित रूप से पानी भरा जायें।

# ग्रीष्म ऋतु में लू से बचने एवं उपचार के संबंध में एडवाईजरी जारी

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में बढ़ते तापमान को देखते हुये ग्रीष्म ऋतु में लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव एवं उपचार हेतु एडवाईजरी जारी की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ डीएस सिकरवार ने नागरिकों से अपील की है कि लू (तापघात) के लक्षण दिखाई देते ही निकट के अस्पताल में संपर्क कर आवश्यक दवा का उपयोग सुनिश्चित करें। लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव के उपाय करें। उन्होंने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में लू लगने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती है। वृद्ध, बच्चे, खिलाड़ी, धूप में काम करने वाले श्रमिक सर्वाधिक खतरे में रहते हैं। पसीना न आना, गर्म-लाल एवं शुष्क त्वचा, मतली, सिरदर्द, थकान, चक्कर आना, उल्टियां होना, बेहोश हो जाना एवं पुतलियां छोटी हो जाना लू (तापघात) के प्रमुख लक्षण एवं संकेत हैं। गर्मी व लू से बचाव के लिए खूब पानी पीये व खाली पेट न रहें, चाय-कॉफी के अधिक सेवन से बचें, ठण्डे पानी से नहाएं, सर ढके व हल्के रंग के ढीले व पूरी बांह के कपड़े पहने, बच्चों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़े, दिन में 12 से 04 के मध्य बाहर जाने से बचें, धूप में नंगे पाँव न चलें, बहुत अधिक भारी कार्य न करें। बाहर निकलना आवश्यक हो तो छतरी व धूप के चश्मे का उपयोग करें, धूप में निकलने से पहले कम से कम दो गिलास पानी अवश्य पीये, बुखार व लू लगने पर निकट के अस्पताल में संपर्क कर आवश्यक दवा का उपयोग सुनिश्चित करें। ओ.आर.एस. का घोल, नारियल पानी, छाछ, नींबू पानी, फलों का रस इत्यादि का सेवन लाभदायक होता है। इनका सभी उपायों का उपयोग कर गर्मी के प्रभाव से बचा जा सकता हैं।

# 3 प्रकरणो में 4-4 लाख की सहायता स्वीकृत

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार एसडीएम श्योपुर श्री बीएस श्रीवास्तव द्वारा तीन प्रकरणों में 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। एसडीएम श्री बीएस श्रीवास्तव ने बताया कि गत 14 मार्च 2025 को ग्राम नागदा स्थित नागेश्वर मंदिर के पास नदी में स्व. श्री धर्मेन्द पुत्र श्री शंकरलाल सुमन निवासी दुबडी की पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी, आरबीसी 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के वारिसान उसके पिता श्री शंकरलाल सुमन निवासी दुबडी के नाम से 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार स्व. श्री राहुल पुत्र श्री शोभाराम धाकड की 18 फरवरी 2025 को चंबल नहर में डूबने से मृत्यु होने के मामले में उसके वारिसान पिता श्री शोभाराम धाकड निवासी ब्रम्हाणपाडा श्योपुर के नाम से 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार गत 27 अक्टूबर 2024 को रात्रि के समय स्व. श्री अवधेश पुत्र श्री रामनिवास माली निवासी पाण्डोला की नाले में गिर जाने से फेफडो में पानी भरने के कारण मृत्यु हो गई थी, इस मामले में मृतक की वारिसान उसकी पत्नि श्रीमती माया बाई निवासी पाण्डोला के नाम से 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# सीएम राईज श्योपुर में 22 अप्रैल तक होंगे प्रवेश, हिन्दी, अग्रेंजी माध्यम की 165 सीटो के लिए होगी प्रक्रिया

**श्योपुर ब्यूरो।** सीएम राईज विद्यालय श्योपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए रिक्त विभिन्न कक्षाओं के अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम में रिक्त 165 सीटो पर प्रवेश के लिए इच्छुक पालक, अभिभावक 22 अप्रैल तक अपनी सहमति आवेदन जमा करा सकते है। प्राचार्य श्री अशोक खण्डेलवाल ने बताया कि सीएम राईज विद्यालय की विभिन्न कक्षाओ में रिक्त सीटो पर प्रवेश के लिए पालक, अभिभावकगण 22 अप्रैल तक अपने सहमति आवेदन विद्यालय में जमा करा सकते है। रिक्त सीटो से अधिक सहमति आने पर लॉटरी के माध्यम से प्रवेश की प्रक्रिया की जायेगी। उन्होने बताया कि सीएम राईज विद्यालय में प्रवेश के नियमों के तहत सीएम राईज विद्यालय से क्रमशः एक किलोमीटर, दो किलोमीटर एवं तीन किलोमीटर की परिधि में स्थित शासकीय विद्यालयो में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रवेश की प्राथमिकता रहेगी। पहले एक किलोमीटर में आने वाले विद्यालयों के विद्यार्थियों को लिया जायेगा, इसके उपरांत दो किलोमीटर तथा फिर तीन किलोमीटर की परिधि वाले विद्यालयों के विद्यार्थियों को प्रवेश में प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। इसी प्रकार अंग्रेजी माध्यम स्कूल नही होने की स्थिति में कक्षा 1, कक्षा 2 तथा कक्षा 6 के अंग्रेजी माध्यम की सीटो पर ऐसे विद्यार्थियों को प्रवेश में प्राथमिकता रहेगी, जो सीएम राईज विद्यालय की एक किलोमीटर परिधि में निवासरत है, इसके उपरांत दो किलोमीटर तथा फिर तीन किलोमीटर की परिधि में निवासरत विद्यार्थी को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। उन्होने बताया कि रिक्त सीटो से अधिक सहमति आने पर 24 अप्रैल एवं 25 अप्रैल को पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए सुबह 9.30 बजे से लॉटरी निकालकर प्रवेश दिये जायेगे, विद्यालय में सहमति जमा करने हेतु समय सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा। उन्होने बताया कि इस वर्ष कक्षा 1 अंग्रेजी माध्यम की 30 सीटो, कक्षा 2 अंग्रेजी माध्यम की 06, कक्षा 3 अंग्रेजी माध्यम की 06, कक्षा 4 हिन्दी माध्यम की 14, कक्षा 6 अंग्रेजी माध्यम की 73, कक्षा 6 हिन्दी माध्यम की 22, कक्षा 7 हिन्दी माध्यम की 09, कक्षा 8 हिन्दी माध्यम की 05 सीटो पर प्रवेश की प्रक्रिया की जायेगी।

# मुक्तिनाद नगर, किला गेट एवं हरिजन बस्ती फीडर रविवार को रहेंगे बंद

**श्योपुर ब्यूरो।** मेंटिनेंस के चलते रविवार को 13 अप्रैल को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक 11 केव्ही मुक्तिनाद नगर फीडर एवं सुबह 9.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक किला गेट एवं हरिजन बस्ती फीडर से सप्लाई बंद रहेगी। मुक्तिनाद नगर फीडर से बिजली सप्लाई बंद रहने के कारण वार्ड नंबर 14 एवं 15, फक्कड चौराहा, गांधीनगर, कमालखेडी एवं आसपास का क्षेत्र प्रभावित रहेगा। इसी प्रकार किला गेट फीडर के क्षेत्र डॉक्टर कॉलोनी, कंडेल बाजार, बडा इमामबाडा, चतरदास जी टीला, भैसपाडा, हरिजन बस्ती, किला बगीची, छार बाग, कोली चौक, कुम्हार मोहल्ला, मसालदार मोहल्ला, मेवाती मोहल्ला, ईदगाह रोड, किलागेट, जैन मंदिर, नारनौल मस्जिद एरिया में तथा हरिजन बस्ती फीडर के क्षेत्र हरिजन बस्ती एवं अन्य संबंधित क्षेत्र में सुबह 9.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक विधुत की सप्लाई बंद रहेगी।

## स्नातक प्रथम वर्ष बीए, बीएससी, बीकॉम नियमित/भूतपूर्व एवं पूरक द्वितीय अवसर परीक्षा शुल्क/आवेदन पत्र तथा शेष प्रवेश शुल्क भरेन का कार्यक्रम घोषित

**दतिया।** शासकीय पीजी कॉलेज, दतिया में स्वशासी प्रणाली के अन्तर्गत सत्र 2024-25 में स्नातक बीए, बीएससी, बीकॉम, एनईपी प्रथम वर्ष नियमित/भूतपूर्व/पूरक द्वितीय अवसर के परीक्षा फॉर्म/शुल्क मार्च-2025 परीक्षा फॉर्म एवं शेष प्रवेश शुल्क भरने का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। जिसके अन्तर्गत बिना विलम्व शुल्क के 2 अप्रैल 2025 से 20 अप्रैल 2025 निर्धारित है तथा विलम्ब शुल्क 300 के साथ 21 अप्रैल 2025 से 25 अप्रैल एवं विलम्ब शुल्क 500 के साथ 26 अप्रैल 2025 से 5 मई 2025 तक निर्धारित है। परीक्षार्थी ISMS.mponline.gov.in में Students registration पर जाकर रजिस्ट्रेशन कराकर परीक्षा शुल्क व आवेदनपत्र भरकार परीक्षा फॉर्म डाउनलॉड करके आवश्यक दस्तावेज संलग्न करते हुए अपने विभागाध्यक्ष के पास 25 अप्रैल 2025 तक या उससे पूर्व आवश्यक रूप से जमा करेंगे। परीक्षा फॉर्म/फीस भरने का विस्तृत कार्यक्रम महाविद्यालय की बेवसाइट www.govtpgcdatia.ac.in से डाउनलॉड किया जा सकता है व महाविद्यालय के सूचना पटलों पर भी प्रदर्शित है। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व अपनी परीक्षा फार्म एवं फीस तत्काल जमा करें अन्यथा वगैर फीस एवं फॉर्म के परीक्षा में नहीं बैठने दिया जायेगा। उक्ताशय की जानकारी डॉ. शिव सिंह परीक्षा नियंत्रक द्वारा दी गई।

## प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर दिल्ली के लाल किले में हो रहे सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य की प्रस्तुति की पहल को सराहा

### यह पहल देश की सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करेगी - प्रधानमंत्री श्री मोदी, वर्तमान और भावी पीढ़ियां भारत के स्वर्णिम अतीत से होंगी परिचित, भारतीय संस्कृति की पहचान है विक्रम संवत परंपरा

**दतिया।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला मैदान में होने वाले तीन दिवसीय श्सम्राट विक्रमादित्य महानाट्यश् और इससे जुड़ी प्रदर्शनियों के आयोजन सराहना की है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने संदेश में कहा है कि ''मुझे खुशी है कि मध्यप्रदेश के ऊर्जावान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के मार्गदर्शन में आयोजित इस महोत्सव के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य की गौरवगाथा और वैभव को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।'' प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कार्यक्रम के आयोजकों एवं इसमें हिस्सा ले रहे देश के कलाकारों को आयोजन की सफ्लता की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने संदेश में लिखा है कि युगपुरुष सम्राट विक्रमादित्य का शासनकाल जनकल्याण, सुशासन और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए जाना जाता है। वह भारत की न्यायप्रिय और लोक कल्याणकारी नेतृत्व परंपरा के प्रतीक थे। उन्होंने साहित्य, कला और विज्ञान को जिस रूप में प्रोत्साहित किया, वह आज भी हमारे लिए आदर्श है। उनके काल की ''विक्रम संवत'' परंपरा आज भी भारतीय संस्कृति की पहचान है। सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य और प्रदर्शनी का महत्व एक सांस्कृतिक आयोजन से कहीं अधिक है। इसका उद्देश्य हमारे इतिहास, हमारी जड़ों और हमारे आत्मबोध को एक उत्सव के रूप में मनाने का है। मुझे विश्वास है कि ऐसे आयोजनों से वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियां भारत के स्वर्णिम अतीत से परिचित होंगी और उससे प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में आगे बढ़ेंगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लिखा है कि सांस्कृतिक मूल्यों को आधार बनाकर, आधुनिकता और विरासत को साथ लेकर, इस अमृत काल में विकसित भारत की ओर अग्रसर राष्ट्र पर सभी को गर्व है। इस यात्रा में सम्राट विक्रमादित्य समेत हमारे महापुरुषों से मिली न्याय, पराक्रम और सेवा जैसी शिक्षाएं हमारा मार्गदर्शन करेंगी। यह आयोजन देश की सांस्कृतिक चेतना को और सशक्त बनाते हुए युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़कर आत्मविश्वास से पूर्ण, जागरूक औ कर्तव्यनिष्ठ नागरिक के रूप में तैयार करने में सहायक सिद्ध होगा।

# पाली रोड सब स्टेशन से सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक बंद रहेगी बिजली

**श्योपुर ब्यूरो।** पाली रोड सब स्टेशन पर बीसीबी बदलने के कारण 13 अप्रैल को सब स्टेशन क्षेत्र में विधुत प्रदाय अवरूद्ध रहेगा। 33/11 केव्ही पाली रोड सब स्टेशन से बिजली की आपूर्ति सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक बंद रहेगी। जिसके चलते बडौदा रोड, पटेल चौक, पुल दरवाजा, मछली मार्केट, भोई मोहल्ला, रेगर मोहल्ला, महाराणा प्रताप नगर, चंबल कॉलोनी, गुलमोहर कॉलोनी, नर्सरी के सामने, पप्पू होटल के आसपास, कॉलेज के सामने, जाट छात्रावास, जागा मोहल्ला, मोहनजी की बगीची, चिंताहरण हनुमान मंदिर, वार्ड नंबर 10, खरंजा रोड, बजाज नगर, बायपास रोड, मधुवन कॉलोनी, जयश्री पैलेस कॉलोनी, महाराणा प्रताप नगर कॉलोनी, मार्गा कॉलोनी, प्राची नगर, कल्याणपुरम कॉलोनी, कमालखेडली सहित आसपास के क्षेत्रो में बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी।

# फल बहार की नीलामी 23 अप्रैल को

**श्योपुर ब्यूरो।** उद्यानिकी विभाग अंतर्गत संचालित शासकीय संजय निकुंज ओछापुरा में नीबू फल बहार की नीलामी 23 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। सहायक संचालक उद्यानिकी द्वारा जानकारी दी गई है कि शासकीय संजय निकुंज ओछापुरा में फल बहार की नीलामी में इच्छुक फल व्यापारी, सब्जी दुकानदार एवं अन्य व्यापारी नीलामी की शर्तो के अनुरूप भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए रोपणी ओछापुरा के लिए मोबाइल नंबर 8305437262 पर संपर्क किया जा सकता है। फल बहार की नीलामी ओछापुरा स्थित रोपणी परिसर में ही की जायेगी।

# जाटव एवं कुशवाह समाज ने धूमधाम से मनाई महात्मा फुले जयंती




**श्योपुर ब्यूरो।** श्योपुर जिले के विजयपुर शहर में 11 अप्रैल 2025 शुक्रवार को भारतीय समाजसुधारक, समाज प्रबोधक, विचारक, समाजसेवी, लेखक, दार्शनिक तथा क्रान्तिकारी महामानव महात्मा ज्योतिबा राव फुले जी की 198वीं जयंती के दिन जाटव समाज विजयपुर ने महात्मा फुले और बोधिसत्व संविधान निर्माता परमपूज्य डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की जयंती को संयुक्त संयुक्त फुले अम्बेडकर जयंती समारोह पर 09 से 10 अप्रैल को गायका बहन कृष्णा राही के श्री मुख से बुध्द कथा एवं 11 अप्रैल को सुनवाई रोड़ आश्रम विजयपुर तथा कुशवाह महासभा विजयपुर के तत्वावधान में महात्मा फुले जी की जयंती को शहरभर में उनके जीवन दर्शन की झांकी के साथ भव्य चल समारोह निकाल कर बालाजी गार्डन में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं व परिजनों सहित अतिथियों का सम्मान फूलमाला,पंचशील पट्टा व फुले दम्पत्ति का छाया चित्र से किया गया इसके उपरांत दौनो कार्यक्रमों समारोहों का समापन *भव्य भण्डारे* के साथ कबीर आश्रम संपन्न हुआ। उक्त भण्डारे के प्रारंभ से पूर्व बौध्द भिक्खु संघ द्वारा आश्रम स्थिति नवनिर्मित मूर्तियां तथागत बुद्ध, संत रविदास, महात्मा फुले,डॉ.अम्बेडकर जी एवं संत मनोहर दास उर्फ किलोई महाराज जी का अनावरण किया गया। उक्त दौनो कार्यक्रमों में विजयपुर के विधायक मुकेश मलहोत्रा ,पूर्व मंत्री रामनिवास रावत ,पूर्व विधायक व कैबिनेट मंत्री दर्जा बाबूलाल मेवरा, वरिष्ठ समाज सेवी हरगोविंद जौहरी (पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष),बसपा के कर्मठ व पूर्व प्रदेश कार्यालय सचिव राजाराम जैन साहब ,बसपा के जिलाध्यक्ष गंगाधर जाटव ,जाटव समाज सबलगढ़ के अध्यक्ष उम्मेदसिंह अटेरिया ,बसपा से राजबीर सिंह राय ,बसपा विजयपुर के पूर्व प्रत्याशी.धारासिंह कुशवाह ,जिलापंचायत सदस्य .परीक्षत सिंह धाकड़ ,हरकिशन कुशवाह पूर्व नगरपरिषद अध्यक्ष,कुशवाह महासभा के अध्यक्ष रामुजी लाल कुशवाह ,डॉ.श्रीपति शाक्य समाज सेवी,रामनिवास मौर्य पूर्व जिलापंचायत सदस्य एवं बहुसंख्यक गणमान्य नागरिक एवं समाज सेवी जाटव, कुशवाह व अन्य विभिन्न समाजों सहित शासकीय सेवकों सभी ने बड़चड़ कर हिस्सा लिया।

# मध्यप्रदेश में पोषण पखवाड़ा 2025: कुपोषण से जंग, स्वस्थ भविष्य की ओर कदम'



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 8 से 22 अप्रैल 2025 तक सातवां ÷पोषण पखवाड़ा÷ पूरे जोश और जागरूकता के साथ मनाया जा रहा है। हर वर्ष की तरह इस बार भी राज्य में विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से कुपोषण की रोकथाम और संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। केंद्र सरकार के इस महत्वपूर्ण अभियान का उद्देश्य आमजन, महिलाओं और बच्चों को पोषण के महत्व को समझाकर एक स्वस्थ समाज की नींव रखना है। पोषण पखवाड़ा 2025 में प्रमुखता से 4 विषयों जीवन के पहले 1000 स्वर्णिम दिवसों का महत्व, पोषण ट्रैकर ऐप के हितग्राही मॉड्यूल की जानकारी और उपयोगिता, छ्रूरू प्रोटोकॉल से गंभीर कुपोषित बच्चों का प्रबंधन और 6 वर्ष से कम बच्चों को मोटापे से बचाने पर फोकस किया जा रहा है।

**स्वर्णिम 1000 दिवस - जीवन की मजबूत नींव**

गर्भावस्था से लेकर जन्म के बाद पहले दो वर्षों तक के 1000 स्वर्णिम दिवस बच्चे के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए बेहद अहम होते हैं। इस दौरान उनके जीवनकाल का 85 प्रतिशत बौद्धिक विकास हो जाता है। पोषण पखवाड़ा में इस अवधि के दौरान पोषण और देखभाल पर विशेष बल देते हुए माताओं को संतुलित आहार और स्तनपान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

**पोषण ट्रैकर ऐप - पोषण की डिजिटल निगरानी**

पोषण ट्रेकर ऐप 'poshantracker.in' के माध्यम से घर बैठे ही पोषण स्तर की निगरानी करना अब संभव है। यह ऐप आंगनवाड़ी सेवाओं का डिजिटलीकरण करने के साथ हितग्राहियों को भी बच्चों और माताओं के पोषण पर नज़र रखने में सक्षम बनाता है। भारत सरकार द्वारा पोषण ट्रेकर ऐप के अंतर्गत हितग्राही मॉड्यूल विकसित किया गया है। इसमें हितग्राही अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से लॉग-इन बच्चों के पोषण स्तर के विकास की निगरानी के साथ उन्हें केन्द्र से मिलने वाले पोषण आहार की निगरानी घर बैठे कर सकते हैं।

CMAM रणनीति से कुपोषण पर नियंत्रण

प्रदेश में कम्युनिटी मैनेजमेंट ऑफ एक्यूट मॉलन्यूट्रिशन (CMAM) यानी गंभीर कुपोषण का समुदाय स्तर पर प्रबंधन मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम के तहत वर्ष-2020 से प्रारंभ हुआ। पोषण पखवाड़ा में अति गंभीर कुपोषित (SAM), अति कम वजन (SUW) एवं मध्यम गंभीर कुपोषित (MAM) बच्चों का चिन्हांकन कर उनकी स्वास्थ्य जाँच तथा अति गंभीर कुपोषित (SAM) बच्चों की भूख की जाँच कर आवश्यकतानुसार उपचार एवं सामुदायिक स्तर पर परिवार के सहयोग से पोषण प्रबंधन किया जा रहा है।

**बचपन में मोटापे से सतर्कता**

नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे (NFHS) रिपोर्ट के अनुसार बच्चों में मोटापे की दर में वृद्धि चिंताजनक है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा बच्चों को जंक फूड से दूर रखने और पौष्टिक भोजन को बढ़ावा देने की नीति अपनाई गई है। पोषण पखवाड़ा में बच्चों को पौष्टिक खाना खिलाना और स्कूलों में पौष्टिक भोजन के बढ़ावा देने के लिये पोषण ट्रेकर के माध्यम से मोटापे के जोखिम वाले बच्चों की पहचान कर उनके अभिभावकों को पोषण परामर्श दिया जा रहा है।

**प्रदेशभर में जागरूकता की लहर**

आंगनवाड़ी केंद्रों पर थीम आधारित गतिविधियों, योग सत्र, खेलकूद, पोषण रैली, साइकिल रैली, एनीमिया जागरूकता शिविर, लंच बॉक्स प्रतियोगिता और समूह चर्चाओं का आयोजन हो रहा है। पोषण ट्रैकर में रजिस्ट्रेशन को प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि माताओं और बच्चों के पोषण स्तर की निगरानी और समस्याओं का समय पर निदान सुनिश्चित किया जा सके।

## प्रेस-काउंसिल अथवा भारतीय प्रेस-परिषद के नाम का उपयोग करना अवैधानिक

### प्रेस-काउंसिल ने जारी की एडवाइजरी

**भोपाल।** केन्द्र सरकार ने प्रेस-काउंसिल ऑफ इंडिया (भारतीय प्रेस परिषद) के नाम के अनाधिकृत उपयोग पर रोक लगाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा एडवाइजरी में कहा गया है कि उन्हें सूचना मिली है, कुछ प्रेस संगठनों द्वारा %प्रेस-परिषद% शब्द का अनुचित उपयोग किया जा रहा है, जिससे प्रेस-काउंसिल ऑफ इंडिया की संस्थागत महत्ता प्रभावित हो रही है और उसके विशिष्ट अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह एडवाइजरी जारी की गई है। सचिव सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि प्रेस-काउंसिल ऑफ इंडिया एक सांविधिक निकाय है। इसकी स्थापना प्रेस-परिषद अधिनियम-1978 के तहत प्रेस की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखने और समाचार-पत्रों एवं समाचार एजेंसियों के मानकों को बनाए रखने एवं सुधारने के उद्देश्य से की गई थी। इसका सचिवालय नई दिल्ली के लोधी रोड स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स के सूचना भवन में है। सचिवालय द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि भारतीय प्रेस-परिषद की किसी भी राज्य में कोई शाखा नहीं है, न ही उसने किसी अन्य निकाय को अपने समान या मिलते-जुलते नाम का उपयोग करने के लिए अधिकृत किया है। सचिवालय से जारी निर्देश के अनुसार किसी संगठन द्वारा प्रेस काउंसिल अथवा भारतीय प्रेस-परिषद शब्द का उपयोग करना, प्रतीक और नाम के अनुचित उपयोग निवारण अधिनियम, 1950 की धारा 3 और प्रविष्टि 7(ii) का उल्लंघन है। इस संदर्भ में केन्द्रीय विधि विभाग ने भी स्पष्ट किया है कि किसी अन्य संगठन द्वारा इस नाम का उपयोग करना अवैध है और इसके लिए कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। सचिवालय ने प्रेस-काउंसिल अथवा भारतीय प्रेस परिषद शब्द का उपयोग न करने के संबंध में सभी जिला कलेक्टर्स को भी निर्देशित किया गया है। सचिवालय का निर्देश है कि यदि कोई स्थानीय, निजी अथवा सरकारी संगठन इस नाम का दुरुपयोग करता है, तो उनके पंजीकरण को निरस्त किया जाए अथवा उसमें आवश्यक सुधार किया जाए। सरकार की इस पहल का उद्देश्य प्रेस परिषद ऑफ इंडिया की प्रतिष्ठा को बनाए रखना और प्रेस की स्वतंत्रता व मानकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

## 99 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री नागर ने जनसम्पर्क विभाग की प्रदर्शनी को देखा, श्री नागर ने की राज्य सरकार के कार्यों की सराहना

**भोपाल।** गणतंत्र दिवस पर भारत पर्व कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग द्वारा उज्जैन के महाकवि कालिदास संस्कृत अकादमी में प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का अवलोकन 99 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री प्रेमनारायण नागर द्वारा किया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री नागर को राज्य सरकार द्वारा जननायकों के नाम पर विश्वविद्यालयों के शुभारंभ की योजना की जानकारी दी गई। स्वंतत्रता संग्राम सेनानी श्री नागर ने देश के स्वतंत्रता संग्राम के नायकों को उचित सम्मान देने की सराहना की। उन्होंने सभी से देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना के साथ जीवनपर्यंत राष्ट्र सेवा करने को कहा। उल्लेखनीय है कि लोकतंत्र के महापर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित भारत पर्व कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रतिवर्ष राज्य सरकार की योजनाओं पर केन्द्रित चित्र प्रदर्शनी लगायी जाती है।



# शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल प्रबंधन के लिये किए जाएं पुख्ता इंतजाम : प्रभारी मंत्री श्री सिलावट

## एक मई से शहर में प्रतिदिन दिया जाए पेयजल, प्रभारी मंत्री ने उद्यानिकी मंत्री, ऊर्जा मंत्री एवं सांसद के साथ की पेयजल प्रबंधन की समीक्षा

**ग्वालियर।** गर्मी के मौसम को देखते हुए शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। आम जनों के साथ-साथ पशु-पक्षियों को भी पीने के पानी की परेशानी न हो, इसके लिये रणनीति बनाकर कार्य किया जाए। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने शनिवार को शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल प्रबंधन के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक में उद्यानिकी एवं सामाजिक न्याय मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर व सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने कहा है कि ग्वालियर शहर में पेयजल वितरण व्यवस्था के लिये तिघरा जलाशय में पर्याप्त पानी उपलब्ध होने के कारण एक मई से शहर में प्रतिदिन पेयजल वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए शहर के सभी 66 वार्डों में पेयजल की परेशानी न हो, इसके लिए पुख्ता रणनीति बनाकर कार्य किया जाए। जहाँ आवश्यक हो वहाँ टैंकर के माध्यम से भी आम जनों को पेयजल उपलब्ध कराया जाए। ट्यूबवेल एवं हैंडपंप मरम्मत के लिये भी सभी सामग्री पूर्व से ही संग्रहीत कर रखी जाए ताकि कहीं पर भी दिक्कत हो तो सुधार का कार्य तत्परता से किया जा सके। मंत्री श्री सिलावट ने नगर निगम आयुक्त से कहा है कि वे शहरी क्षेत्र में पेयजल प्रबंधन के लिये जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर चर्चा करें और जो आवश्यक सुझाव आएं तो उन पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने ग्रामीण क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कहा है कि पेयजल प्रबंधन के लिये सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कर ली जाएं।

आम जनों के साथ-साथ पशुओं को भी गर्मी के मौसम में पानी की परेशानी न आए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकर समस्यामूलक ग्रामों को चिन्हित कर उनमें पेयजल प्रबंधन के सभी उपाय किए जाएं। इसके साथ ही सभी धार्मिक स्थलों, छात्रावासों, अस्पतालों, स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भी पेयजल की पुख्ता व्यवस्था हो। आम जनों के लिये जिले में पर्याप्त संख्या में सार्वजनिक प्याऊ भी संचालित किए जाएं। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने जल जीवन मिशन के तहत जिले में किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। हर घर जल उपलब्ध हो, इसके लिये योजना के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए। इसके साथ ही घाटीगाँव ङ्क भितरवार क्षेत्र के समस्यामूलक ग्रामों के लिये स्वीकृत वृहद पेयजल परियोजना के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को योजना के क्रियान्वयन की निरंतर मॉनीटरिंग करने और किए गए कार्यों की टीम बनाकर जाँच कराने के निर्देश भी दिए।



**जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हर वार्ड और हर पंचायत में किए जाएं कार्य**

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि जल संरक्षण के लिये प्रदेश भर में 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत नगरीय क्षेत्र के सभी वार्डों और ग्रामीण क्षेत्र की सभी पंचायतों में अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्य हाथ में लिए जाएं। इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में संचालित किया जाए। जिले में स्थित पुरानी बावड़ियों, कुंओं, तालाबों पर जनभागीदारी के साथ जल संरक्षण के कार्य हाथ में लिए जाएं। समाज के सभी वर्गों को जोड़कर जल की उपयोगिता और उसके संरक्षण के लिये जन जागरूकता का अभियान भी चलाया जाए। उद्यानिकी एवं सामाजिक न्याय मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने समीक्षा बैठक में कहा कि पेयजल प्रबंधन के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए। इसके साथ ही जहाँ पर भी पानी की लाइन डाली जा रही है, लाइन डालने के पश्चात सड़कों को तत्परता से सुधारने का कार्य भी किया जाए। जिन क्षेत्रों में गत वर्षों में पेयजल की समस्या आई थी, उन क्षेत्रों को चिन्हित कर पेयजल व्यवस्था बेहतर हो, ऐसे प्रबंधन किए जाएं। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि पेयजल वितरण व्यवस्था की सतत निगरानी हो।

इसके साथ ही जहां पर भी समस्यायें आती हैं उसके निराकरण को तत्परता से किया जाए। जिन क्षेत्रों में आवश्यकता हो वहां पर टैंकर के माध्यम से भी पेयजल वितरण सुनिश्चित किया जाए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने शहर के उद्यानों पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर में कई पार्क विकसित किए गए हैं, उन पार्कों में बेहतर व्यवस्थायें हों और असमाजिक तत्व उद्यानों को नुकसान न पहुँचा सकें।

इसके लिये पुलिस विभाग की ओर से भी निगरानी की जाए। क्षेत्रीय सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ साडा क्षेत्र में भी पेयजल प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। जल निगम के माध्यम से साडा क्षेत्र में पेयजल प्रबंधन के जो कार्य स्वीकृत हुए हैं उन्हें तत्परता से पूरा किया जाए ताकि गर्मी के दिनों में ग्रामीणों को पेयजल की समस्या न हो।

उन्होंने रानीघाटी गौशाला के समीप एक पेयजल टंकी निर्माण की भी आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि आवश्यकता होने पर सांसद निधि से भी राशि उपलब्ध कराई जा सकती है। मोहना क्षेत्र की पेयजल योजना के तहत कार्यों को गति देने के संबंध में भी विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में विधायक श्री मोहन सिंह राठौर ने अपने विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत किए गए कार्यों एवं मोहना एवं भितरवार क्षेत्र के लिये स्वीकृत वृहद पेयजल योजना के कार्यों को तेजी से करने की बात कही। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए काम तेजी से हों ताकि लोगों को गर्मी के मौसम में परेशानी का सामना न करना पड़े। पूर्व सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने भी कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में आम जनों को पर्याप्त एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो। इसके लिये समय रहते सभी प्रबंधन किए जाएं। बैठक के प्रारंभ में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विवेक कुमार ने ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल प्रबंधन के लिये किए जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए ग्रामीण पेयजल प्रबंधन के लिये कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। जिसके तहत विभागीय स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने शहरी क्षेत्र में पेयजल प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभागीय स्तर पर गर्मी के मौसम को देखते हुए कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। इसके साथ ही टैंकरों की आवश्यकता का भी आंकलन कर प्रबंधन किए गए हैं।

तिघरा जलाशय में उपलब्ध जल क्षमता को देखते हुए आगामी दिनों में आम जनों को प्रतिदिन पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जायेगी। इसके साथ ही पेयजल का अपव्यय न हो, इसके लिये विभागीय स्तर पर भी प्रभावी कार्रवाई की गई है। आम नागरिकों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिये शहरी क्षेत्र में सार्वजनिक प्याऊ भी प्रारंभ किए गए हैं।

**बैठक में यह भी थे उपस्थित**

शहरी तथा गामीण क्षेत्र में पेयजल प्रबंधन के लिये प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मंत्रिगण, सांसद सहित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव, नगर निगम सभापति श्री मनोज सिंह तोमर, जिला अध्यक्ष भाजपा शहर श्री जयप्रकाश राजौरिया व ग्रामीण अध्यक्ष श्री प्रेम सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री श्रीमती इमरती देवी, बीज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल, पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, डीएफओ श्री अंकित पाण्डेय सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने अम्बेडकर पार्क पहुँचकर किया माल्यार्पण एवं वृक्षारोपण

## उद्यानिकी मंत्री श्री कुशवाह व ऊर्जा मंत्री श्री तोमर भी थे मौजूद



**ग्वालियर।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने साफ-सफाई कर माल्यार्पण किया। उद्यानिकी एवं सामाजिक न्याय मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह एवं ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने भी उनके साथ माल्यार्पण किया। जिले के प्रभारी मंत्री श्री सिलावट शनिवार को प्रातः 8 बजे नगर निगम के फूलबाग स्थित अम्बेडकर उद्यान पहुँचे। उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को दूध और जल से साफ कर माल्यार्पण किया। इसके साथ ही उद्यान में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया। उद्यानिकी मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष शहर श्री जयप्रकाश राजौरिया, श्री मुन्नलाल गोयल सहित जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में माल्यार्पण के साथ-साथ वृक्षारोपण का कार्य भी किया गया। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने नगर निगम आयुक्त से चर्चा कर कहा कि नगर निगम का अम्बेडकर पार्क बहुत ही बड़ा एवं अच्छा पार्क है। इसको और बेहतर बनाने की दिशा में भी सार्थक प्रयास किए जाएं। इसके साथ ही शहर के सभी पार्कों में नियमित साफ-सफाई हो, यह भी सुनिश्चित किया जाए।

# पत्रकार श्री अनुराग को मातृ शोक

## मंत्री श्री कुशवाह ने शोक संवेदना व्यक्त कीं



**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार श्री अनुराग उपाध्याय की माताजी के निधन पर सामाजिक न्याय एवं उद्यानिकी मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने शोक संवेदना व्यक्त की है। 20, नवाब सिंह कॉलोनी सी-ब्लॉक, हरिशंकरपुरम, ग्वालियर निवासी श्री अनुराग उपाध्याय की माताजी शिक्षाविद श्रीमती भंवर उपाध्याय का दुःखद निधन हो गया। मंत्री श्री कुशवाह ने परिजनों को दुःख सहन करने की शक्ति देने एवं माता जी को अपने श्री चरणों में स्थान देने की ईश्वर से प्राथना की।

# समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति की मदद करना हो हमारा लक्ष्य : डॉ पाण्डेय



**डबरा।** वरिष्ठ समाजसेवी डॉ केशव पाण्डेय ने कहा कि संस्था को समाज के ऐसे लोगों की मदद करनी चाहिए जो दीनहीन व असहाय हैं। केवल सम्मान समारोह मनाने या सम्मान प्रदान करने से बात नहीं बनेगी। डबरा सनाढ्य ब्राह्मण सभा द्वारा शनिवार को आयोजित सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए डॉ पाण्डेय ने कहा कि संस्था का मुख्य ध्येय ये होना चाहिए कि जनसम्पर्क के माध्यम से समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति का पता लगाए और उसके लिए मदद के हाथ बढ़ाये। वे आज कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि की आसंदी से बोल रहे थे। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री 1008 महामंडलेश्वर धूमेश्वर महाराज ने डॉ पाण्डेय के आग्रह का अक्षरश समर्थन किया।महाराज जी ने कहा कि ध्येयनिष्ठ समाजसेवा हो तो लोग भी उसे आदर्श मानते हैं। इससे पहले एक सादे कार्यक्रम में डॉ पाण्डेय का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन बृजेश तिवारी ने किया। कार्यक्रम में राजेंद्र मुदगल, अरविंद जैमिनी, सचिन पांडे, डॉ. राम अवतार शर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

# नरवाई प्रबंधन एवं ग्रीष्मकालीन धान की बजाय अन्य फसलों के प्रति किसानों को किया जागरूक

## डबरा मंडी में हुई कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा



**ग्वालियर।** नरवाई प्रबंधन एवं ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर कम पानी, कम लागत व कम समय में अच्छी पैदावार देने वाली फसलों के प्रति किसानों को आकर्षित करने के लिये जिले में कृषक जागरूकता कार्यक्रम व कृषक संगोष्ठियां आयोजित की जा रही हैं। इस कड़ी में बीते रोज कृषि उपज मंडी समति डबरा में एक दिवसीय कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत डबरा की अध्यक्ष श्रीमती प्रवेश गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। उन्होंने इस अवसर पर आह्वान किया कि पानी हमारी प्रमुख संपदा व जीवनदायी है। इसलिये पानी की बचत करें और धान की बजाय कम पानी में अधिक पैदावार देने वाली फसलें उगाएं। कृषि विज्ञान केन्द्र ग्वालियर की वैज्ञानिक डॉ. रश्मि वाजपेयी ने कार्यक्रम में किसानों को धान की फसल के स्थान पर ग्रीष्मकालीन मूँग एवं कद्दू वर्गीय फसलें लगाने के संबंध में उपयोगी जानकारी दी। डबरा के एसडीएम श्री दिव्यांशु चौधरी ने किसानों से कहा कि पराली जलाना हर तरह से हानिकारक है। साथ ही कानूनी रूप से भी उचित नहीं है। उन्होंने कहा यदि किसी ने पराली जलाई तो कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्री आर एस शाक्यवार ने किसानों से कहा कि नरवाई जलाने के बजाय हैप्पी सीडर के माध्यम से बुवाई करना चाहिए। इससे लागत भी कम आयेगी। साथ ही पराली का उपयोग खाद के रूप में होगा। उन्होंने किसानों की आय दोगुना करने के संबंध में भी उपयोगी बातें बताईं। कार्यक्रम में अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्री रणवीर सिंह जाटव, सहायक कृषि यंत्री श्री त्रिलोकचंद पाटीदार, सहायक संचालक कृषि श्री कुलदीप एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री विशाल सिंह यादव ने कृषि यंत्रों से पराली को खेत में मिलाने की विधि, नवीन कृषि तकनीक, ग्रीष्म ऋतु में हरी खाद के लिये ढेंचा लगाने इत्यादि के बारे में जानकारी दी।

# प्रगतिशील कृषक खुद के खेतों के साथ अन्य किसानों के खेतों में भी करा रहे हैं नरवाई प्रबंधन

## ग्वालियर जिले के कृषक स्ट्रॉ रीपर मशीन का उपयोग कर कर रहे हैं नरवाई प्रबंधन

**ग्वालियर।** जिले के प्रगतिशील किसान फसल अवशेष (नरवाई) जलाने के बजाय उसका प्रबंधन कर अन्य किसानों के लिये प्रेरणास्त्रोत बन रहे हैं। जिले के ग्राम टेकनपुर निवासी कृषक श्री खैर सिंह व चीनौर निवासी श्री महेश जाटव ने स्ट्रारीपर यंत्र से न केवल अपने खेतों में नरवाई का प्रबंधन किया है, बल्कि अपनी मशीन को किराए पर देकर दूसरे किसानों के खेतों में भी नरवाई का प्रबंधन करा रहे हैं। कृषि अभियांत्रिकी विभाग की योजना के तहत इन दोनों किसानों ने स्ट्रारीपर खरीदा है। इसके लिये उन्हें 1.5 ङ्क 1.5 लाख रूपए का अनुदान मिला है। जिला प्रशासन ने किसान भाईयों से नरवाई जलाने की बजाय खेतों की उत्पादकता बनाए रखने के लिये मशीनों का उपयोग कर फसल अवशेषों का प्रबंधन करने की अपील की है। कृषक श्री खैर सिंह व श्री महेश जाटव स्ट्रारीपर चलाकर खेतों में बची गेहूँ की नरवाई से भूषा बनाते हैं, जिसका उपयोग पशु आहार व ईंधन के रूप में किया जा रहा है। जिले में स्ट्रॉ रीपर मशीन के माध्यम से नरवाई प्रबंधन के लिये कृषि विभाग द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उप संचालक कृषि श्री आर एस शाक्यवार ने बताया स्ट्रॉ रीपर मशीन के उपयोग से कृषक के खेत में कटाई उपरांत बची नरवाई का बेहतर प्रबंधन हो जाता है, जिससे अग्नि दुर्घटनाओं से निदान मिलता है। साथ ही पर्यावरण सरक्षण व संतुलन बना रहता है। खेत की मिट्टी स्वस्थ व उपजाऊ बनी रहती है ।

# नगर निगम आयुक्त ने की संपत्तिकर वसूली की समीक्षा, पिछली बकाया वसूली के लिए अभी से प्रयास करने के दिए निर्देश



**ग्वालियर।** नगर निगम आयुक्त श्री संघप्रिय ने संपत्तिकर वसूली एवं विभाग की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पिछले वर्ष की बकाया वसूली के लिए अभी से प्रयास करें तथा नामांकन प्रक्रिया को और सरल बनाएं। बाल भवन में आयोजित संपत्तिकर विभाग की समीक्षा बैठक में उपायुक्त श्री ए पी एस भदोरिया, श्री रजनीश गुप्ता, श्री मुकेश बंसल सहित सभी सहायक संपत्तिकर अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। निगम आयुक्त श्री संघप्रिय नए संपत्ति कर वसूली को लेकर निर्देश दिए की डोर टू डोर संपत्ति कर वसूली के दौरान सभी करसंग्रहक पेमेंट की सुविधा हेतु बारकोड भी साथ में रखें जिससे संपत्ति कर डाटा ऑनलाइन पेमेंट कर सके। इसके साथ ही पिछली एवं वर्तमान बकाया वसूली को लेकर जानकारी प्राप्त की तथा सभी अधिकारियों को बड़े बकाएदारों से वसूली की योजना बनाकर वसूली की कार्रवाई करें। इसके साथ ही निगम आयुक्त श्री संघप्रिय ने निर्देश दिए कि ऐसे सभी शासकीय विभागों को पत्र लिखें जिसे सेवा कर प्रभार लेना है। वहीं विभाग में सेटअप अनुसार पद एवं रिक्त पदों की जानकारी ली तथा उन्होंने यह भी निर्देश दिए की कम समानता से एवं क्षमता अनुसार ही दिया जाए, ऐसा ना हो कि कोई योग्य व्यक्ति बैठा रहे और सिफारिश के आधार पर दूसरे को पद दिया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी बैठक में ऐसे कर संग्राहक जिनके द्वारा कम वसूली की गई है उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी तथा जिन्होंने अच्छा कार्य किया है उन्हें प्रशंसा पत्र दिया जाएगा। वही नामांकन प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की चार सीनियर अधिकारी मिलकर योजना बनाएं की नामांकन प्रक्रिया की निरंतर मॉनिटरिंग किस प्रकार की जाए और नामांकन प्रक्रिया आम नागरिकों के लिए सरल व सुलभ हो। 15 दिवस में इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसके साथ ही अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# बैहड़ वाले हनुमान जी के मंदिर पर हुआ मेले और नाल प्रतियोगिता का आयोजन

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**सबलगढ़।** रामपुर थानाक्षेत्र के ग्राम डूंगरावली के पास बैहड़ वाले श्री मंशापूर्ण हनुमान जी के मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मेले का आयोजन किया गया।नाल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 1100 रुपये सोनू जादौन करौली को दिया गया। द्वितीय एवं तृतीय पुरुस्कार जानू जादौन व श्याम सुंदर शर्मा को दिया गया।



# सामाजिक कार्य के लिए निगम तत्पर, हनुमान जयंती के अवसर पर शहर वासियों को पिलाया 3 लाख लीटर पानी



**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर जहां शहर के विकास, स्वच्छता एवं सौंदर्य करण के लिए लगातार प्रयासरत रहता है वहीं सामाजिक कार्य में भी निगम हमेशा तत्पर रहता है। नगर निगम ग्वालियर द्वारा आज हनुमान जयंती के अवसर पर शहर में होने वाले विभिन्न भंडारों में लगभग 120 टैंकर पानी भेज कर शहर वासियों को तीन लाख लीटर पानी पिलाया। उपायुक्त श्री ए पी एस भदोरिया ने बताया कि हनुमान जयंती के अवसर पर मुरार उपखंड में आज लगभग 34 टैंकर भेजकर क्षेत्र में आयोजित विभिन्न भंडारों में लगभग 1 लाख लीटर पानी शहर वासियों को पिलाया गया। वही उपनगर ग्वालियर क्षेत्र में सहायक यंत्री श्री राम सेवक शाक्य ने बताया कि लगभग 35 टैंकर के माध्यम से एक लाख लीटर पानी उपनगर ग्वालियर के नागरिकों को पिलाया गया। इसके साथ ही लश्कर पूर्व क्षेत्र में सहायक यंत्री श्री महेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि 30 टैंकर पानी एवं लश्कर पश्चिम क्षेत्र में श्री प्रवीण दीक्षित एवं श्री केसी अग्रवाल ने बताया कि लगभग 20 टैंकर पानी क्षेत्र में आयोजित विभिन्न भंडारों में भेजा गया।

# सीडीएस एवं एनडीए परीक्षा 13 अप्रैल को

## ग्वालियर में सीडीएस परीक्षा के लिये 7 एवं एनडीए के लिये 13 परीक्षा केन्द्र बनाए

**ग्वालियर।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कम्बाइंड डिफेंस सर्विस (सीडीएस) परीक्षा ग्वालियर में रविवार 13 अप्रैल को दो सत्रों में होगी। शहर में इस परीक्षा के लिये 7 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इसी तरह नेशनल डिफेंस अकेडमी (एनडीए) की परीक्षा इस दिन दो सत्रों में होगी। एनडीए परीक्षा के लिये 13 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा के नोडल अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर श्री संजीव जैन से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन दोनों परीक्षाओं में 5976 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिये कलेक्ट्रेट के कक्ष क्र.-113 में कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसका टेलीफोन नम्बर 0751-2446214 है। कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी का दायित्व कलेक्ट्रेट के अधीक्षक श्री आर आर भगत (मोबा. 9425135143) को सौंपा गया है। यह कंट्रोल रूम 13 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से परीक्षा समाप्ति तक संचालित रहेगा। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा अवर सचिव श्री देवेन्द्र सिंह को इन परीक्षाओं के लिये पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। रविवार को ग्वालियर के 7 परीक्षा केन्द्रों पर सीडीएस परीक्षा दो सत्रों में प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक और दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित की जायेगी। एनडीए परीक्षा 13 परीक्षा केन्द्रों में दो सत्रों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से अपरान्ह 4.30 बजे तक होगी।

## संपादकीय

# पारदर्शिता सुनिश्चित करने बड़ा कदम

जज के निवास पर भारी मात्रा में नोटों के मिलने के विवाद के बाद सुप्रीम कोर्ट ने न्यायाधीशों के बारे में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अब पदभार ग्रहण करने के बाद सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपनी संपत्ति सार्वजनिक रूप से घोषित करने पर न्यायाधीशों ने सहमति जताई है। जजों की पूर्ण बैठक में यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। यह खुलासा पूर्णतया स्वैच्छिक होगा। देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना सहित सर्वोच्च न्यायालय के तैंतीस जजों में से तीस जजों ने अपनी संपत्ति की घोषणा की। पूर्ण पीठ द्वारा संकल्प लिया गया कि जब भी कोई महत्वपूर्ण अधिग्रहण किया जाए तो इसकी घोषणा मुख्य न्यायाधीश के समक्ष करनी चाहिए। हालांकि यह विवरण सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास से आग लगने की घटना के बाद कथित तौर पर मिली नगदी के बाद यह बड़ा निर्णय लिया गया है। न्यायपालिका में पारदर्शिता और लोगों का विश्वास बनाए रखने की लिहाज से यह कदम दूरगामी साबित हो सकता है। यह प्रस्ताव सभी भावी जजों पर लागू होगा। हाई कोर्टे को भी इसका अनुसरण करना चाहिए। 1977 में भी इसी तरह के प्रस्ताव रखे जाने के बावजूद इन पर अमल नहीं लाया जा सकता था। चूंकि बीते दिनों उठे विवादों को लेकर काफी चिंता व्यक्त की जा रही है, इसलिए उम्मीद की जा सकती है कि इस घोषणा की उपेक्षा नहीं की जाएगी। यूं तो राजनेताओं के पास मिलने वाली आय से अधिक संपत्ति के बाद संपत्ति की घोषणा भले ही की जा रही है मगर उसे जनता द्वारा संदेह की नजर से ही देखा जाता है। दूसरे, उन्होंने यह संपत्ति कहां से और कैसे अर्जित की, यह सवाल खड़ा ही रहता है। जीवन साथी या परिवार के अन्य सदस्यों के नाम जमा राशि या जमीन-जायदाद के मामले किसी से छिपे नहीं हैं। भ्रष्टाचार व काले धन को लेकर मोदी सरकार सत्ता में आने से पहले जितनी मुखर थी, अब उतनी मौन ओढ़े है। बहरहाल, सबसे बड़ी अदालत ने अनाप-शनाप काला धन कबाड़ने वालों को बड़ा संकेत दिया है। इस मसले में सरकार से नाउम्मीद हो चुकी जनता का अदालत पर भरोसा तो बढ़ेगा ही, साथ ही नई उम्मीद भी जाग सकती है।

# राष्ट्रीय पुनरुत्थान की प्रेरणा देने वाला पर्वः वैशाखी

(सुभाष आनन्द-विभूति फीचर्स)



भारतवर्ष मेलों और त्यौहारों का देश है। इनमें से कुछ का सम्बन्ध धर्म के साथ है तो कुछ का इतिहास के साथ और कुछ का सम्बन्ध मौसम के साथ है। पंजाब में उमंग और उत्साह के साथ मनाया जाने वाला जोशीला पर्व वैशाखी मूलतः एक मौसमी पर्व है। किसानों द्वारा अपने खून पसीने से तैयार की गई फसल के घर आने की खुशी से उत्साह और उमंग से यह पर्व मनाया जाता है। यह त्यौहार वीर और स्वाभिमानी पंजाबियों की भावना का भी प्रतीक है।

सिखों के दसवें गुरू गोविन्द सिंह जी ने इसी दिन खालसा पंथ की स्थापना की थी जिसके कारण इस त्यौहार की महानता और गरिमा और बढ़ जाती है। यह त्यौहार भारत के स्वतत्रता संग्राम से भी जुड़ा हुआ है। इसी दिन 1919 में जालियांवाला बाग में आजादी के दीवानों पर अंग्रेजी सरकार ने प्रहार किया था। गुरु गोविन्द सिंह जी के समय में देश की सामाजिक और राजनीतिक दशा इतनी भयानक थी कि लोगों का मनोबल पूर्ण रूप से गिर चुका था। वह विदेशी लुटेरों से अपनी बहू-बेटियों की इज्जत की रक्षा करने तक में समर्थ नहीं थे। हिन्दू बालाएं और बहू-बेटियां टके-टके के भाव से मण्डी में बेची-खरीदी जाती थी। हिन्दू बहू, बेटियों की इज्जत सरेआम लूटी जाती थी। गुरु जी से यह दशा देखी न गई और उन्होंने निश्चय किया कि समाज में परिवर्तन लाया जाए। अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए गुरुजी ने वैशाखी के दिन देश-विदेश में बसे अपने अनुयाइयों को आनन्दपुर साहिब पहुंचने का आदेश दिया। इतिहासकारों के अनुसार वहां 80 हजार से भी ज्यादा लोग पहुंचे। कीर्तन शुरू हुआ। कीर्तन के समाप्त होने पर गुरु जी ने नंगी तलवार लिए पूरे जोश से लोगों को सम्बोधित किया। प्यारी साध-संगत इस समय मानवता को बचाने के लिए सभी शांतिपूर्ण रास्ते बंद हो चुके है। मानवता को बचाने के लिए मुझे कुछ कुर्बानियों की जरुरत है। जिससे मनुष्यता की रक्षा हो सके और मानव जीवन सुरक्षित रह सके।

ज्यों ही गुरु जी ने शीश मांगे, त्यों ही लाहौर निवासी भाई दयाराम, जो जाति के क्षत्रिय थे, मंच पर शीश देने आए।

गुरु जी उसे एक तंबू में ले गए कुछ समय पश्चात रक्त रंजित तलवार लेकर मंच पर लौट आए। एक अन्य शीश की मांग की, इस बार उनकी मांग पर दिल्ली के भाई धरमदास जाट आए। गुरु जी की मांग पर तीन अन्य उड़ीसा के हिम्मतराय, द्वारिका के भाई मोहकम चन्द्र और विदर के भाई साहिबचन्द्र को गुरूजी तंबू में ले गए।

थोड़ी देर बाद गुरु जी इन पांचों को लेकर मंच पर पधारे। पंडाल में बैठे लोग इन लोगों को जिंदा देखकर हैरान हो गए। वे पांचों एक समान पोशाक धारण किए हुए थे। गुरुजी ने बांटे (लोहपात्र) में बताशों से अमृत तैयार करके पांचों को पिलाया। जाति भेद मिटाकर उनको पांच प्यारों की संज्ञा दी। साथ ही उनको पांच ककार- केश-कंघा-कड़ा-कच्छा-कृपाण धारण करने का आदेश दिया। उन्होंने सदैव नशे से दूर रहने, केश न काटने, हलाल किया मांस न खाने, परस्त्रीगमन से बचने, मेहनत की कमाई से रोटी कमाने, मिल बांटकर खाने, सत्य-विनम्र जीवन व्यतीत करने तथा सामाजिक कार्यो के लिए अपनी कमाई का दसवां भाग देने की प्रेरणा दी। इतिहास गवाह है कि गुरु जी की इन शिक्षाओं पर चलकर पंजाबियों ने विशाल मुगल एवं ब्रिटिश साम्राज्यों के विरुद्ध अन्याय व अत्याचार के विरुद्ध वीरता से जौहर दिखाए। यहां तक कि अपने प्राणों की आहूति दे दी लेकिन विकट परिस्थितियों में भी गुरुजी के आदेशों को नहीं छोड़ा। लेकिन आजकल कुछ नवयुवक गुरु गोविन्द सिंह जी के मार्ग पर चलने का दिखावा तो करते है, लेकिन नशे की लत में दल-दल तक फंसे हुए है। दाढ़ी केश-पगड़ी धारण करने मात्र से कोई सिख नहीं बन सकता। असली सिख वही है जो गुरु जी के दिखाए मार्ग पर चलता है। खुद कष्ट सहकर मानव समाज को सुख देता है। 13 अप्रैल 1875 को विश्व प्रसिद्ध संत स्वामी दयानन्द सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना की थी और समाज में क्रांति लाई थी। इसी दिन लाहौर पर विजय प्राप्त कर शेरे पंजाब महाराजा रणजीत सिंह जी ने पंजाब में सिख राज्य की नींव रखी थी। 13 अप्रैल 1749 को जनरल जस्सा सिंह ने वैशाखी के दिन खालसा दल का गठन किया था और नया नारा दिया था वाहे गुरु जी का खालसा- वाहे गुरु जी की फतेह और 13 अप्रैल 1919 की वैशाखी का दिन आज भी चीख-चीखकर अंग्रेजों के जुल्मों की दास्तान बयान करता है। इसी दिन जालिया वाला बाग में अंग्रेजों ने क्रूर नरसंहार किया था। वैशाखी पर्व का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है कि क्योंकि इस दिन संवत की भी शुरुआत होती है। कहा जाता है कि वैशाखी पर दिन और रात बराबर होते है।

## शब्द सामर्थ्य -016


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 015 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

# बंजारा बस्ती

(जनक वैद-विनायक फीचर्स)



हमारे उस छोटे से गाँव में सब मिलजुल कर रहते थे। अर्थात किसी को भी किसी से कोई शिकायत नहीं थी। एक दिन प्रातः सभी ने देखा कि हमारे खेतों के साथ लगे भाऊ बीर सिंह के खेतों में, रातों रात बंजारा कबीले के कुछ परिवार आ कर बस गये हैं। सच्ची, यह तो एक सोच का विषय था। इसलिए रात के समय सभी दारा (चौपाल) में इकट्ठा हुए, बीर सिंह के साथ बातचीत करने के लिए कि उसने इतना बड़ा निर्णय कैसे ले लिया। बंजारा मुखिया को जब इस बात का पता चला तो वह भी दारे में आया और आते ही अपनी पगड़ी, मेरे पिता जी की गोदी में रख दी और यह भी कहा कि वे भी अपनी पगड़ी उसे दें। ( बहुत पहले यह एक रस्म थी कि पगड़ी या दुपट्टा आपस में बदल कर लोग धर्म के भाई बहन बन जाते थे।) और विनय की कि , % कि आप सब भी जानते हो कि हमारा कोई पक्का ठिकाना नहीं होता। हमेशा घूमते ही रहते हैं पर जब बच्चों की शादी करनी हो तब एक जगह ठहरते हैं । इस समय हमारे कबीले की कुछ बेटियों की शादी है। तिथि भी तय हो गई है और सभी को इधर का पता दिया है। आप सब किसी भी बात की चिंता ना करो। हमने तो अपने बच्चों को भी समझा दिया है। किसी का एक तिनके का भी नुकसान नहीं होगा। बंजारा मुखिया की बातों से सब सहमत हो गये और इस कहावत को सामने रखते हुए कि, धीआं भैना ते सब दिआं सांझिआं हुंदिआं ने,बंजारा मुखिया की विनय को सहर्ष स्वीकार कर लिया। फसलों के साथ साथ खेत के थोड़े से हिस्से में, मौसमानुसार कुछ सब्जियां जैसे, गाजर,मूली ,शलजम भी लगाई जाती थीं। कई बार मैं भी यह सब लेने खेत में चली जाती। मुझे देख कुछ बंजारा लड़कियां भी वहां आ जातीं। बेशक वे कुछ भी न बोलती, पर मैं समझ जाती कि उनके मन में क्या है। इसलिए एकाध मूली गाजर उनको भी देती। वे सब वहीं खड़े हुए कचर कचर करते खा लेती। उस समय उन्हें देख मुझे बहुत ही अच्छा लगता। इसलिए मैं उन्हें प्रतिदिन......। मां को जब इस बात का पता चला तो बजाए नाराज होने के उन्होंने मुझे कहा कि यदि उनको कुछ अधिक दोगी तो उनको और भी खुशी होगी। अब तक तो मैं कभी कभार ही खेत में जाती। पर अब मैं प्रतिदिन जाने लगी और उन लड़कियों को भरपूर मात्रा में गाजर,मूली दे देती थी। इस प्रकार जितनी खुशी उनको होती, उससे कहीं अधिक मुझे। धीरे धीरे सरसों, मेथी,गाजर,मूली का मौसम खत्म होने लगा पर कोई बात नहीं क्योंकि फ़लों के राजा,आम भी बड़े जोश खरोश के साथ पधार रहे थे। अब हम सबका झुकाव उस पेड़ की ओर हो गया। आम के पेड़ की एक शाखा काफ़ी मोटी और फ़ल से लदी हुई थी। उन लड़कियों में से कोई भी, उसे हिलाती जिससे टप टप की आवाज़ करते हुए फ़ल नीचे गिरते। तत्पश्चात रहट के पानी से धो कर सब एक एक आम खातीं। इससे पहले तो कोई भी खेतों से लौटते समय, आम ले आता था पर अब यह काम मैं स्वयं करने लगी। वैसे भी घर से खेत तक जाने में केवल पाँच मिनट ही तो लगते थे। एक बार मां ने फ़िर समझाया कि,उन लड़कियों को एक एक आम देने में इतनी खुशी होती है तो, कुछ अधिक दे दिया करो। ऐसा करने से उनको भी अच्छा लगेगा।

## सू- दोकू क्र.016

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.015 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

# राशिफल

**मेष**

आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज लेखकों की कोई किताब पब्लिश होगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी, आज आपको अपने खर्चो पर रोक लगाने की आवश्यकता। नवविवाहित दंपति को आज जीवनसाथी से उपहार मिलेगा। आज आप खुद को फिट महसूस करेंगे। आज राजनीति से जुड़े लोगों को अचानक धन की प्राप्ति होगी। विद्यार्थी आज किसी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। आज लवमेट कहीं घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं। किसी ऐसे परिचित से मुलाकात होगी जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**वृषभ**

आज का दिन शानदार रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारी अपने कारोबार को आगे बढ़ाने का विचार कर सकते हैं। शिक्षकों का ट्रांसफर उनकी मनपसंद जगह पर हो सकता है। जॉब के लिए प्रयासरत युवाओं को अपनी तलाश जारी रखने की जरूरत है, जल्द ही जॉब मिलेगी। स्वास्थ्य संबंधित समस्या के लिए आज किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लेंगे। दांपत्य जीवन में सौहार्द्र बना रहेगा। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन मिला जुला रहेगा। आज अधूरे कार्यों को पूरा करने का अच्छा समय है।

**मिथुन**

आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। काफी दिनों से किसी मनचाही चीज को लेने का सपना आज पूरा होगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। ड्राई फ्रूट्स का कारोबार कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा। लवमेट अपने रिश्ते की बात घर पर करेंगे, घरवाले आपके रिश्ते की बात को आगे बढ़ा सकते हैं। आज विद्यार्थियों को अपने पुराने चैप्टर का अध्ययन करते रहने की जरूरत है। ऑफिस में किसी महत्वपूर्ण टारगेट को आज पूरा कर लेंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा।

**कर्क**

आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। नए बिजनेस को शुरू करने का विचार आपको उत्साहित करेगा। परिवार के साथ धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बना सकते है। दांपत्य जीवन में हो रही अनबन आज खत्म हो जाएंगी, जीवनसाथी खुश होने की वजह देंगे। काफी समय से एक ही जगह कार्यरत लोगों की सैलरी में इंक्रीमेंट होगा। आज आपके पिता अपना जरूरी कार्य आपको करने को दे सकते हैं। किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति से मुलाकात द्वारा कुछ बेहतरीन जानकारियां हासिल होंगी।

**सिंह**

आज आपका दिन रोज की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आज वाहन चलाते समय आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। आज अपने करीबी दोस्त की वजह से आपको जॉब मिलेगी, इससे आपकी दोस्ती और गहरी होगी। आज कार्यक्षेत्र में किसी अनुभवी की सलाह कारगर साबित होगी। आज आप घरवालोंकी बातों को भी समझेंगे। आपके दांपत्य रिश्ते में आपसी तालमेल बना रहेगा। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर ध्यान देने की अवश्यकता है। आज बाहर के खान-पान से आपकी सेहत पर असर हो सकता हैं।

**कन्या**

आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। कपड़े का कारोबार कर रहे लोगों की इनकम में बढ़ोतरी होगी। आज घर के बड़ों को समय से दवाइयां देने की जरूरत है। लवमेट के रिश्ते में हो रही गलतफहमियां आज समाप्त होंगी, आपका रिश्ता और मजबूत बनेगा। बच्चे आज किसी जरूरी बात को अपनी मां से शेयर करेंगे। सोशल मीडिया पर आपके फॉलोवर्स में इजाफा होगा। शिक्षक विद्यार्थियों को किसी जरूरी टॉपिक को समझाने के लिए उत्सुक रहेंगे।

**तुला**

आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। कॉस्मेटिक कारोबारी आज ऑनलाइन अपने प्रोडक्ट की अच्छी सेल कर पाएंगे। ऑफिस में आपके काम से खुश होकर बॉस आपको नया टारगेट दे सकते हैं। जीवनसाथी के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते है। विज्ञान जगत से जुड़े लोगों को आज सम्मानित किया जाएगा। ब्लड प्रेशर संबंधित समस्या से परेशान लोगों को आज आराम मिलेगा। लवमेट का रिश्ता मजबूत बनेगा। उपहार मिलने से आज आपका मन पूरे दिन प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक**

आज का दिन अच्छा रहने वाला है। अपने ईगो को छोड़कर बड़ों की बात को सुने। आज आप जीवनसाथी की मनपसंद डिश बनाएंगी। घर में बड़े बुजुर्गों की सेहत का ध्यान देने की अवश्यकता है। वाहन लेने का विचार अपने परिवार के साथ कर सकते हैं। दांपत्य रिश्ते में आपको बड़ी खुशखबरी मिलेगी, जिससे घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला साबित होगा।

**धनु**

आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आप अपने दोस्त की मदद से रुके हुए प्रोजेक्ट को पूरा कर लेंगे। आज किसी अनजान व्यक्ति की वजह से आपका मूड खराब हो सकता है, लेकिन थोड़ी देर बाद ठीक भी हो जाएगा। स्किन प्रॉब्लम से परेशान लोग आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाने का विचार करेंगे। दांपत्य जीवन में हो रही नोक झोंक आज ख़त्म हो जाएगी, जीवनसाथी आपको शॉपिंग पर ले जाएंगे। आज आप दूसरों से अपना काम निकलवाने में सक्षम रहेंगे।

**मकर**

आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। ऑफिस में कई दिनों से रुका कार्यों आज समय से पूरा कर लेंगे। डिप्लोमा छात्रों के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा। घर में किसी खास रिश्तेदार के आगमन से खुशी का माहौल बनेगा। ट्रांसपोर्ट का कारोबार कर रहे लोगों को अच्छा लाभ होगा। लवमेट फोन पर देर तक बात करेंगे, जिससे आपके रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। शिक्षकों का ट्रांसफर उनकी मनपसंद जगह पर होने की संभावना है। दांपत्य जीवन में नई-नई खुशियां आने से पारिवारिक माहौल अच्छा रहेगा।

**कुंभ**

आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज अचानक धन की प्राप्ति होगी, जिससे आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा। स्वास्थ्य संबंधित समस्या से आपको काफी हद तक आराम मिलेगा। कार्यक्षेत्र में बड़ों की सलाह आपको व्यापार में अच्छा लाभ दिलाएगी। किसी अच्छी कंपनी से आपके लिए जॉब का प्रस्ताव आ सकता है। आज आपके दांपत्य जीवन में सौहार्द्र बना रहेगा। कार्यों में परिवार वालों का सहयोग मिलेगा। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

**मीन**

आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज क्रेडिट कार्ड से फिजूल खर्चो से बचेंगे तो आप परेशानी से बच जाएंगे। आज वकील किसी क्लाइंट के केस को जीतने में सफल रहेंगे, जिससे उन्हें अच्छा लाभ होगा। आज आपको अपने बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा, जो आगे चलकर आपके लिए कारगर साबित होगा। ऑफिस में अपने सीनियर्स से कुछ जरूरी सीखने का मौका मिलेगा। सोशल मीडिया के माध्यम से अपने कारोबार को आगे बढ़ाने का विचार बना सकते हैं।

# वक्फ संशोधन के विरुद्ध याचिकाओं की प्रतिस्पर्धा शुरू

अवधेश कुमार

वक्फ संशोधन के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में याचिकाओं की प्रतिस्पर्धा शुरू हो चुकी है। इस संशोधन के दोनों सदनों में पारित होने के अगले दिन से ही उच्चतम न्यायालय में याचिकाएं जाने लगीं। एक साथ तीन तलाक, नागरिकता संशोधन कानून और अनुच्छेद 370 हटाए जाने के विरु द्ध भी हमने यही देखा। इन सभी मामलों की न्यायिक परिणति देश के सामने है। हमारे सामने दो दृश्य भी हैं। लोक सभा में बहस के पूर्व सभी पार्टियों ने व्हिप जारी कर दिया था। राज्य सभा में गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट घोषणा की कि सांसद स्वतंत्र हैं, व्हिप नहीं है, वे जैसे चाहें मतदान करें। इसके बावजूद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की संख्या से ज्यादा मत विधेयक के समर्थन में आए। इसके कोई निहितार्थ हैं या नहीं? दोनों सदनों में बहस और मतदान के दौरान देश में समर्थन और विरोध, दोनों में मुसलमान उतरे। उन दो दिनों में समर्थकों की संख्या भी काफी ज्यादा थी। अलग-अलग धार्मिक संस्थाओं और संगठनों ने खुल कर विधेयक का समर्थन किया। इनमें वे मुस्लिम मजहबी नेता और संस्थाओं के प्रमुख भी शामिल थे जो पहले वक्फ में किसी प्रकार के संशोधन का घोर विरोध करते थे।

ऐसे विषयों पर सुधार और परिवर्तन के संवैधानिक कानूनी कदमों के विरु द्ध प्रचार और रोकने की कोशिश पहली बार नहीं है। वक्फ कानून, उससे संबंधित बोर्ड और ट्रिब्यूनल या न्यायाधिकरण को मुस्लिम वोट पाने की नीति के तहत सुपर सरकार, सुपर प्रशासन और सुपर न्यायपालिका की भूमिका दे दी गई थी, उस ढांचे में लाभान्वितों तथा आनंद सुख भोगने वालों के अंदर छटपटाहट स्वाभाविक है। वक्फ कानून में संशोधन क्यों नहीं होना चाहिए था या संशोधन में क्या असंवैधानिक, इस्लाम विरोधी, मुस्लिम विरोधी है, इसका तथात्मक उत्तर विपक्ष के किसी नेता द्वारा संसद में नहीं मिला। जब एक सदस्य ने कहा कि मुसलमान कानून को नहीं मानेगा तब गृह मंत्री ने कहा कि यह संसद द्वारा बनाया गया कानून है, सबको मानना पड़ेगा। संसद द्वारा विहित प्रक्रिया के तहत पारित कानून भारत के सभी क्षेत्रों और व्यक्तियों पर लागू होता है। कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी ने लोक सभा में विधेयक पारित होने की प्रक्रिया को बहुमत के द्वारा संविधान का अतिक्रमण और लोकतंत्र का गला घोंटने के समान बता दिया।

लोक सभा में अमित शाह ने रिकॉर्ड रखते हुए बताया कि संप्रग सरकार ने 2013 में चार घंटे की चर्चा के बाद वक्फ संशोधन विधेयक पास कर दिया था जबकि इस बार दोनों सदनों में करीब 27 घंटे से ज्यादा का समय लगा। वक्फ ने जिस तरह पूरे देश में संपत्तियों का दावा किया,




कब्जे में लिया उसकी अनेक कथाएं रिकॉर्ड में सामने हैं। यह कैसी संवैधानिक व्यवस्था थी जिसमें वक्फ किसी संपत्ति पर दावा कर दे तो वक्फ ट्रिब्यूनल के अलावा आप कहीं नहीं जा सकते। ट्रिब्यूनल बरसों लगा देगा और फैसले को सिविल न्यायालय में चुनौती नहीं दे सकते यानी आपकी संपत्ति गई। इसमें हिन्दू और मुसलमान, दोनों के साथ सार्वजनिक सरकारी संपत्तियां भी शामिल हैं। गृह मंत्री ने सदन में रिकॉर्ड पर कहा कि कोई गांव या शहर से बाहर नौकरी करने चला गया और उसकी संपत्ति वक्फ कर दी गई।

वक्फ में कोई बदलाव नहीं है। किंतु हम अपनी संपत्ति वक्फ में रजिस्ट्री करा सकते हैं, दूसरे की संपत्ति पर कैसे दावा कर सकते हैं? सरकार कैसे संपत्ति वक्फ कर सकती है? यूपीए सरकार के सत्ता में आने के बाद सच्चर आयोग की नियुक्ति और उसकी रिपोर्ट के बाद पूरे देश में अलग से इस्लामी ढांचा स्थापित करने की प्रक्रिया में केंद्र और राज्य सरकारों ने अनेक संपत्ति वक्फ बोडरे को दी। हमारी, आपकी या किसी मंदिर की जमीन के कागजात, राजस्व आदि का विषय जिला कलेक्टर के अधीन होगा किंतु वक्फ का नहीं हो तो कैसे इसे कानून का पालन माना जाएगा? वक्फ इस्लाम का अंग है, लेकिन भारत के संविधान और कानून के तहत सरकारों द्वारा गठित वक्फ बोर्ड और वक्फ ट्रिब्यूनल इस्लाम का विषय नहीं हो सकता। उसे संविधान और कानून के अंतर्गत ही काम करना होगा। कोई संपत्ति जिस उद्देश्य के लिए वक्फ हुई, उसका उपयोग उसके अनुरूप हो रहा है या नहीं तथा वक्फकर्ता ने? स्वेच्छा से ऐसा किया या दबाव डाल कर कराया गया इसे सुनिश्चित करने की जिम्मेवारी प्रशासन की है। जिस संस्था में लगभग 41 हजार विवाद हों और उनमें 10 हजार मुसलमानों द्वारा किए गए उसे कायम नहीं रखा जा सकता था।

वास्तव में वक्फ कानून में संशोधन एक लोकतांत्रिक और समानता के सिद्धांत के विरुद्ध, मजहब का अंग न होते हुए भी इस्लाम के नाम पर कुछ शक्तिशाली प्रभुत्वशाली मुस्लिम पुरु षों के एकाधिकार और निरंकुश ढांचे को ध्वस्त कर वक्फ की मूल सोच के अनुरूप संविधान की परिधि में लोकतांत्रिक चरित्र में परिणत करने का प्रगतिशील कदम है। ऐसे ढांचे को संसदीय व्यवस्था के तहत ध्वस्त करना, जिसको सरकारें बदलाव की आवश्यकता महसूस करते हुए भी स्पर्श करने तक से डरती रही हों, निस्संदेश साहसिक, ऐतिहासिक और युगांतरकारी कदम है। वक्फ की संपत्ति पर इस्लाम की मान्यता के अनुसार गरीब विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं तथा अनाथों का अधिकार है। वक्फ बोर्ड में आपको सामान्य मुस्लिम परिवार के सदस्य शायद ही मिलेंगे।

अब इस दौर का अंत होगा तथा गरीब, वंचित, पसमांदा, महिलाएं सब इस्लाम की धारणा के अनुसार वक्फ के उचित उपयोग में भूमिका निभा सकेंगे। वक्फ ने पुराने मामलों के संदर्भ में बदलाव नहीं किया है लेकिन जिन पर विवाद है वे कायम रहेंगे। रिकॉर्ड में और ऑनलाइन आते ही सब पारदर्शी होगा। तो वक्फ के नाम पर हुए अन्याय के निराकरण का रास्ता प्रशस्त होगा और पीड़ितों को न्याय प्राप्त होने की ठोस संभावना बनेगी। ऐसे मामलों का सच देश के सामने होगा और इस्लाम के नाम पर हंगामा खड़ा करने वालों के चेहरे भी बेनकाब होंगे। भूमि या ऐसे मामले राज्यों के विषय हैं। तो अलग-अलग राज्यों का तंत्र सरकारों की राजनीतिक नीति के अनुसार काम करेगा और इनमें समस्याएं आएंगी। किंतु वक्फ के दावों के विरु द्ध पीड़ित को न्यायालय जाने से कोई नहीं रोक सकता। और सिविल न्यायालय में व्यक्ति की पहचान और कानून के अनुसार ही फैसला होगा।

# नलजल की खराब मोटर 24 घंटे में सुधारकर पानी की व्यवस्था करें : सांसद



**रीवा,कासं.।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में विधानसभा क्षेत्र सेमरिया, विधानसभा क्षेत्र सिरमौर तथा विधानसभा क्षेत्र गुढ़ में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि जल स्तर घटने तथा अन्य कारणों से कई बसाहटों में अभी से पेयजल आपूर्ति में कठिनाई हो रही है। गर्मी बढ़ने के साथ पेयजल समस्या बढ़ेगी कार्यपालन यंत्री पीएचई और जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी समन्वय बनाकर हर गांव में पेयजल की समुचित व्यवस्था कराएं। खराब हैण्डपंपों के सुधार तथा बंद नलजल योजनाओं में सुधार के लिए प्रत्येक विकासखण्ड में टीम तैनात करें। किसी भी क्षेत्र से सूचना मिलने पर यह टीम तत्काल कार्यवाही करके पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करे। नलजल योजनाओं की मोटर यदि जल गई है तो उसे 24 घंटे में बदलकर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। खराब हैण्डपंपों के सुधार का अभियान चलाएं।

सांसद ने कहा कि एकल नलजल योजना की सतत निगरानी करें। जो नलजल योजना ग्राम पंचायत को हैण्डओवर हो गई हैं उन्हें चलाने में पीएचई विभाग ग्राम पंचायतों को सहयोग करे। जिन गांवों में अभी टंकी का निर्माण पूरा नहीं हुआ है वहाँ स्पाट सोर्स अथवा सम्पवेल के माध्यम से पानी की आपूर्ति कराएं। कई स्थानों में पेयजल आपूर्ति के लिए सोलर पंप लगाए गए थे। इनमें से अधिकांश पंप खराब हो गए हैं। इनमें बिजली की मोटर लगाकर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। बैठक में विधायक गुढ़ श्री नागेन्द्र सिंह ने कहा कि गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के पहाड़ी क्षेत्र में पेयजल का संकट है। इस पूरे क्षेत्र में पानी की आपूर्ति के लिए तत्काल व्यवस्था करें। क्षेत्र भ्रमण के दौरान मैं नलजल योजनाओं का सत्यापन करूंगा। पीएचई के अधिकारी दौरे के समय उपस्थित रहकर नलजल योजनाओं की वस्तुस्थिति से अवगत कराएं।

जिन हैण्डपंपों का जल स्तर नीचे हो गया है उनमें तत्काल राइजर पाइप लगवाएं। प्रत्येक पेयजल समस्यामूलक ग्राम पंचायत में तत्काल सिंगल फेज मोटर की व्यवस्था कराएं। इन पंचायतों में 15वें वित्त आयोग मद से जहाँ पानी उपलब्ध हो वहाँ ग्राम पंचायतों के सहयोग से बड़ी टंकी रखवाकर पानी की व्यवस्था कराएं। बड़े गांवों में एक से अधिक स्थानों में टंकी रखवाएं। बैठक में विधायक सेमरिया श्री अभय मिश्रा ने कहा कि विधायक निधि से स्वीकृत 36 हैण्डपंपों का तत्काल उत्खनन कराएं। सेमरिया विधानसभा क्षेत्र में पिछले 6 माह में जो हैण्डपंप सुधारे गए हैं उनकी सात दिवस में सूची प्रस्तुत करें। खराब हैण्डपंपों में सुधार का कार्य नहीं किया जा रहा है, जिससे आमजनता परेशान है। विधायक निधि और सांसद निधि से स्थापित हैण्डपंपों में भी राइजर पाइप पीएचई विभाग लगाए। बैठक में विधायक सेमरिया ने पीएचई विभाग द्वारा वित्तीय अनियमितता तथा पीएचई विभाग के कर्मचारी के निलंबन का भी मामला उठाया। विधायक ने एकल नलजल योजनाओं, समूह नलजल योजनाओं के निर्माण में ठेकेदारों द्वारा की जा रही लापरवाही का भी मुद्दा उठाया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने कहा कि जवा विकासखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत चौर, कुशमेदा तथा भौंती में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। विधायक प्रतिनिधि सिरमौर श्री भूपेन्द्र सिंह ने विधानसभा क्षेत्र में पेयजल से जुड़ी समस्याओं के निदान के लिए तत्परता से कार्यवाही का आग्रह किया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि सभी ग्राम पंचायतों में टैंकर भरकर रखने के निर्देश दिए गए हैं। नलजल योजनाओं के संचालन तथा खराब हैण्डपंपों के सुधार के लिए जनपद पंचायत पीएचई विभाग के साथ मिलकर लगातार प्रयास कर रहा है। 15वें वित्त आयोग की राशि से भी पंचायतों में पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। ग्राम पंचायतों की बिजली बिलों की लंबित राशि का भुगतान भोपाल स्तर से ही विद्युत वितरण कंपनी को कर दिया गया है। बैठक में कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने बताया कि रीवा जिले में 21622 हैण्डपंप स्थापित हैं। इनमें से वर्तमान में 2430 बंद हैं। जल स्तर घटने के कारण 1172 हैण्डपंप बंद हैं। इनमें राइजर पाइप और सिंगल फेज मोटर लगाकर पेयजल की आपूर्ति के प्रयास किए जा रहे हैं। जिले में 343 एकल नलजल योजनाएं हैं। इनमें से 293 से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। शेष बंद नलजल योजनाओं को ग्राम पंचायतों के सहयोग से विभागीय संविदाकार चालू करने का प्रयास कर रहे हैं। जिले में 195 नलजल योजनाएं ग्राम पंचायतों द्वारा सफलतापूर्वक संचालित की जा रही हैं। सेमरिया विधानसभा क्षेत्र में हैण्डपंप उत्खनन का कार्य शुरू कर दिया गया है। पेयजल व्यवस्था के निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने पर निर्माण एजेंसियों को ब्लैकलिस्टेड किया गया है तथा दो का ठेका निरस्त करके नई एजेंसी को कार्य दे दिया गया है। बैठक में जल जीवन मिशन के जल प्रबंधक चित्रांशु ने बताया? कि कंदैला समूह नलजल योजना से सौ से अधिक गांवों में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। रायपुर कर्चुलियान में जहाँ तक पाइपलाइन पहुंच गई है वहाँ पानी की आपूर्ति शीघ्र की जाएगी। नलजल योजनाओं का 10 वर्षों तक रखरखाव इसे बनाने वाले ठेकेदार करेंगे। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सीईओ जवा राहुल पाण्डेय, सीईओ सिरमौर हरिशचन्द्र द्विवेदी, सीईओ रायपुर कर्चुलियान संजय सिंह, कार्यपालन यंत्री मैकेनिकल डीएल कनेल तथा सभी सहायक यंत्री एवं उपयंत्री उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में किया जा रहा तालाबों का जीर्णोद्धार



**रीवा,कासं.।** रीवा और मऊगंज जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में जल संरक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि मऊगंज जिले की जनपद पंचायत मऊगंज की ग्राम पंचायत झलवार में तालाब जीर्णोद्धार का कार्य शुरू किया गया है। गांव के पुटपरिहा तालाब में जीर्णोद्धार का कार्य कराया जा रहा है। सहायक यंत्री एवं उपयंत्री द्वारा इसकी लगातार निगरानी की जा रही है। इसी तरह ग्राम पंचायत गौरी तथा ग्राम पंचायत रजिगवां में खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। अभियान के तहत सिरमौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बमरहा में पापुलेशन टैंक का निर्माण किया जा रहा है। मऊगंज जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत तड़ौरा में स्टापडैम का निर्माण किया जा रहा है। इसी तरह ग्राम पंचायत रामनई के महादेव तालाब की साफ-सफाई और गहरीकरण का कार्य जलगंगा संवर्धन अभियान में किया जा रहा है। इसमें आमजनता भी भागीदारी निभा रही है। इन जल संरक्षण कार्यों से वर्षा जल को धरती की कोख में संचित करने में सहायता मिलेगी। जो पानी नदियों के माध्यम से समुद्र में पहुंच जाता है उसे सहेजकर धरा में संचित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# इटार पहाड़ और दुर्मनकूट में शुरू हुए जल संरक्षण के कार्य



**रीवा,कासं.।** जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं। रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड के इटार पहाड़ और दुर्मनकूट में जल संरक्षण के कार्य शुरू किए गए हैं। एसडीएम गुढ़ डॉ अनुराग तिवारी ने अधिकारियों के साथ क्षेत्र का भ्रमण करके जल संरक्षण के कार्यों का जायजा लिया।

ग्राम पंचायत दुआरी में दुर्मनकूट आश्रम के समीप वन क्षेत्र में अमृत सरोवर का निर्माण किया जा रहा है। इसी तरह ग्राम पंचायत इटार पहाड़ एवं दूरस्थ अनुसूचित जनजाति बस्ती करियाझर में दो स्टाप डैम की मरम्मत का कार्य शुरू किया गया है। ग्राम पंचायत बदवार में भी दो स्टाप डैमों का सुधार के लिए चिन्हांकन किया गया है। जल संरक्षण के कार्यों में आमजनता की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। एसडीएम के भ्रमण के दौरान कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा टीपी गुर्दमान, सीईओ जनपद पंचायत संजय सिंह, सहायक यंत्री श्रीमती मनीषा मिश्रा, एपीओ जीएन श्रीवास्तव, विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं आमजन उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में बनाए जाएंगे 344 रिचार्ज कूप

**रीवा,कासं.।** जिले भर में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नए निर्माण कार्यों के साथ पुरानी जल संग्रहण संरचनाओं में सुधार का कार्य किया जा रहा है। जिले की 564 ग्राम पंचायतों में जल गंगा संवर्धन अभियान में 344 कुओं में रिचार्ज पिट बनाए जाएंगे। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि परंपरागत कुओं में रिचार्ज पिट बनाने के लिए माडल स्टीमेट बनाकर तकनीकी स्वीकृति जारी कर दी गई है। अभियान के दौरान विकासखण्ड गंगेव में 54, जवा में 49, रायपुर कर्चुलियान में 63, विकासखण्ड रीवा में 56, सिरमौर में 63 तथा विकासखण्ड त्योंथर में 59 रिचार्ज पिट का निर्माण किया जाएगा। इससे वर्षाकाल में बड़ी मात्रा में पानी रिचार्ज पिट के माध्यम से कुंओं में जाकर उनके भूमिगत जल स्रोत को समृद्ध करेगा।

# दीवार लेखन के माध्यम से दिया जा रहा जल संरक्षण का संदेश




**रीवा,कासं.।** जल गंगा संवर्धन अभियान से प्रत्येक आमजन को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान के तहत जल संरक्षण के निर्माण कार्यों के साथ-साथ लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। इस संबंध में जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने बताया कि जन अभियान परिषद से जुड़ी नवांकुर स्वैच्छिक संस्थाएं दीवार लेखन के माध्यम से जल सरंक्षण का संदेश दे रही हैं। विकासखण्ड जवा की विभिन्न ग्राम पंचायतों में मंगल युवा कल्याण समिति ऊंचाडीह के द्वारा दीवार लेखन के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। अन्य विकासखण्डों में भी सामाजिक संस्थाएं अलग-अलग माध्यमों से जल संरक्षण के संदेश दे रही हैं। नवांकुर संस्था सूरज विकास समिति ने विकासखण्ड त्योंथर के ग्राम सेंगरवार में दीवार लेखन करके लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

# सैनिक सम्मान के साथ आज होगा शहीद अजय विश्वकर्मा का अंतिम संस्कार

**रीवा।** रीवा जिले के ग्राम मढ़ीखुर्द निवासी अजय विश्वकर्मा सैन्य कार्रवाई के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका 11 अप्रैल को उपचार के दौरान रूड़की में दुखद निधन हो गया। शहीद अजय विश्वकर्मा भारतीय सेना की 119 एसाल्ट इंजीनियर रेजीमेंट में कार्यरत थे। शहीद अजय विश्वकर्मा का उनके गृह ग्राम मढ़ीखुर्द तहसील मनगवां में पूरे सैनिक सम्मान के साथ 13 अप्रैल को अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## खेल/व्यापार

## संक्षिप्त समाचार

### अगले सप्ताह सिर्फ तीन दिन ही शेयर बाजार में होगा कारोबार

**मुंबई,ए.।** भारत में शेयर बाजार अगले सप्ताह केवल तीन दिन ही खुले रहेंगे. जबकि बाकी दो दिन बाजार बंद रहेंगे. डेरिवेटिव, इक्विटी, एसएलबी, करेंसी डेरिवेटिव और ब्याज दर डेरिवेटिव में सभी तरह की ट्रेडिंग अगले सप्ताह इन दो दिनों के लिए बंद रहेगी. शेयर बाजार की छुट्टियों को अधिसूचित किया जाता है और राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बीएसई के प्रतिवर्ष प्रकाशित किया जाता है. एक्सचेंजों ने अप्रैल 2025 महीने के लिए कुल तीन शेयर बाजार अवकाश अधिसूचित किए. इस महीने का पहला अवकाश इस सप्ताह गुरुवार 10 अप्रैल को श्री महावीर जयंती के अवसर पर मनाया गया. अगले सप्ताह डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर जयंती और गुड फ्राइडे के लिए शेयर बाजार दो दिन के लिए बंद रहेंगे. इस बीच, निवेशकों और व्यापारियों को ध्यान रखना चाहिए कि 21 अक्टूबर 2025, मंगलवार को दिवाली लक्ष्मी पूजन के कारण व्यापारिक अवकाश रहेगा. उस दिन मुहूर्त ट्रेडिंग होगी. अक्टूबर में एक्सचेंजों के एक परिपत्र में मुहूर्त ट्रेडिंग का समय अधिसूचित किया जाएगा. शनिवार और रविवार और एक्सचेंजों के पहले से घोषित छुट्टियों को छोड़कर इक्विटी खंड पर कारोबार सप्ताह के सभी दिनों में होता है।

### लगातार तीन दिनों तक बंद रहेगा बैंक

**नई दिल्ली, ए.।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कैलेंडर के अनुसार शनिवार 12 अप्रैल 2025 को बैंक बंद रहेंगे. बता दें कि बैंक आज से अगले 3 दिनों के लिए बंद रहेंगे, क्योंकि वीकेंड और सार्वजनिक अवकाश है. हालांकि राज्यवार छुट्टी अलग-अलग है. इस प्रकार बैंक 12 अप्रैल, 13 अप्रैल और 14 अप्रैल को बंद रहेंगे, जिससे बैंक शाखाओं के लिए तीन दिन की छुट्टी होगी. 12 अप्रैल को दूसरा शनिवार है, जो आरबीआई के निर्देशों के अनुसार अवकाश है. इसी तरह 13 अप्रैल को रविवार होने के कारण बैंक बंद रहेंगे. 14 अप्रैल को डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश है. हालांकि सभी राज्यों में बैंक बंद नहीं रहेंगे. इस दौरान ऑनलाइन बैंकिंग सेवाएं बिना किसी बाधा के हमेशा की तरह जारी रहेंगी. यह लोगों को इन बैंकों के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध ऑनलाइन लेनदेन, बिल भुगतान और अन्य ऑनलाइन सेवाएं करने की अनुमति देता है.

### मोबाइल फोन उत्पादन बढ़कर पांच लाख करोड़ के पार, भारत से निर्यात की जाने वाली सबसे बड़ी कमोडिटी बना

**नई दिल्ली,ए.।** देश का मोबाइल फोन उत्पादन 2024-25 में बढ़कर 5.25 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया, जो 2023-24 में 4.22 लाख करोड़ रुपये था। इसके साथ ही, स्मार्टफोन भारत से निर्यात की जाने वाली सबसे बड़ी कमोडिटी बन गई है। सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के मुताबिक, देश से 2024-25 में दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का स्मार्टफोन निर्यात हुआ है, जो सालाना आधार पर 55 फीसदी बढ़ा है। यह भारत के बढ़ते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की क्षमता को दिखाता है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना ने इस बदलाव में अहम भूमिका निभाई है। इससे क्षमता हासिल करने, वैश्विक निवेश पाने और और दुनिया के लिए एक बड़ा विनिर्माण हब बनने में मदद मिल रही है। इस योजना ने पर्याप्त वैश्विक निवेश आकर्षित किया है, जिससे भारत की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ने के साथ वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में देश की स्थिति मजबूत हुई है।

# कोलकाता ने चेन्नई को 8 विकेट से रौंदा, सुनील नारायण ने गेंद और बल्ले से किया तूफानी प्रदर्शन



**चेन्नई, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के 25वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने चेन्नई सुपर किंग्स 59 बॉल बाकी रहते हुए 8 विकेट से रौंद दिया है. यह एमएस धोनी का बतौर कप्तान आईपीएल 2025 में पहला मैच था, जहां उन्हें अपने ही घर में चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में हार का सामना करना पड़ा है. यह कोलकाता नाइट राइडर्स की 6 मैचों में तीसरी जीत है, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स की 6 मैचों में 5वीं हार है।

इस मैच में कोलकाता के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टॉस जीता और चेन्नई को पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहा, जिसके जवाब में चेन्नई सुपर किंग्स की टीम 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 103 रन बनाए और कोलकाता नाइट राइडर्स को जीत के लिए 104 रनों का लक्ष्य दिया. इस लक्ष्य को केकेआर ने 10.1 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 107 रनों बनाकर हासिल कर लिया और मैच को 8 विकेट से जीत लिया. केकेआर के लिए सीएसके से जीत के लिए मिले 104 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिए क्रीज पर सुनील नारायण और क्विंटन डी कॉक आए. नारायण ने कोलकाता के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए. उन्होंने 18 बॉल में 2 चौके और 5 छक्कों की मदद से 44 रनों की तूफानी पारी खेली. उन्हें नूर अहमद ने पवेलियन की राह दिखाई. सुनील नारायण के अलावा डी कॉक ने 23 रन बनाए. अजिंक्य रहाणे ने नाबाद 20 और रिंकू सिंह ने नाबाद 15 रन बनाकर टीम को मैच जिता दिया. सीएसके के लिए नूर अहमद और अंशुल काम्बोज ने 1-1 विकेट लिया. नारायण ने गेंद के साथ भी शानदार प्रदर्शन किया. उन्होंने 4 ओवर में 13 रन देकर 3 विकेट चटकाए. सुनील ने राहुल त्रिपाठी (16), रविंद्र जडेजा (0) और एमएस धोनी (1) को पवेलियन की राह दिखाई. इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने हुए चेन्नई सुपर किंग्स की टीम 103 रन ही बना पाई. टीम के लिए सबसे ज्यादा रन शिवम दुबे ने बनाए. उन्होंने 29 बॉल पर 3 चौकों के साथ 31 रनों की नाबाद पारी खेली और विजय शंकर ने 21 बॉल में 2 चौके और 1 छक्के के साथ 29 रन बनाए. इन दोनों के अलावा स्टार बल्लेबाज से भरी सीएसके की टीम का कोई अन्य बल्लेबाज 20 रनों का आंकड़ा भी नहीं छू पाया. वहीं केकेआर के लिए सुनील नारायण ने 3, वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा ने 2-2, जबकि वैभव अरोड़ा और मोईन अली ने 1-1 विकेट लिया।

# पंकज आडवाणी का जलवा, डब्ल्यूबीएल विश्व मैचप्ले बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में जीता रजत पदक



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत के सबसे दिग्गज क्यू (बिलियर्ड्स और स्नूकर) खिलाड़ियों में शामिल पंकज आडवाणी को डब्ल्यूबीएल विश्व मैचप्ले बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप के फाइनल में डेविड कॉजियर के खिलाफ मामूली अंतर से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पंद्रह चरण के मुकाबलों के फाइनल में दोनों खिलाड़ियों ने पूरा दमखम दिखाया। आडवाणी ने 2-0 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत की, लेकिन उनके प्रतिद्वंद्वी ने आयरलैंड के कार्लो में खेले गए फाइनल मुकाबले में शानदार वापसी की। ब्रिटेन के खिलाड़ी ने आखिरी चरण के मुकाबले को जीतने के साथ ही 8-7 (19-100, 0-100, 100-47, 100-52, 19-100, 100-0, 49-100, 100-3, 34-100, 4-100, 100-85, 31-100, 100-53, 100-43, 100-28) से खिताब अपने नाम कर लिया। आडवाणी अब रविवार से आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स में अपने खिताब का बचाव करेंगे उतरेंगे, जिसे वह 2016 से जीतते आ रहे हैं।

# लखनऊ ने गुजरात टाइटंस को छह विकेट से हराया, पूरन-मार्करम ने जड़े अर्धशतक




**लखनऊ,एजेंसी ।** लखनऊ सुपर जाएंट्स ने एडेन मार्करम और निकोलस पूरन के अर्धशतकों की मदद से गुजरात टाइटंस को छह विकेट से हराया। लखनऊ ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। गुजरात ने साई सुदर्शन और शुभमन गिल के अर्धशतकों से 20 ओवर में छह विकेट पर 180 रन बनाए थे। जवाब में लखनऊ ने 19.3 ओवर में चार विकेट पर 186 रन बनाकर मैच जीता। लखनऊ के लिए पूरन ने 34 गेंदों पर एक चौका और सात छक्कों की मदद से 61 रन और मार्करम ने 31 गेंदों पर नौ चौकों और एक छक्के की मदद से 58 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मार्करम और पंत ने लखनऊ को अच्छी शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 65 रन जोड़े। पंत 2016 के बाद पहली बार आईपीएल में ओपनिंग के लिए उतरे, लेकिन 21 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद मार्करम और पूरन ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और दूसरे विकेट के लिए 58 रनों की साझेदारी की। मार्करम ने जहां 26 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया, वहीं पूरन ने 23 गेंदों पर पचासा लगाया। मार्करम को भी प्रसिद्ध कृष्णा ने अपना शिकार बनाया। मार्करम के आउट होने के बाद भी पूरन ने अपनी तेज तर्रार पारी जारी रखी और लखनऊ का स्कोर 150 के पार पहुंचाया। पूरन हालांकि, राशिद खान का शिकार बने। इसके बाद वाशिंगटन सुंदर ने डेविड मिलर को आउट किया जो सात रन बनाकर पवेलियन लौटे। इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे आयुष बडोनी 20 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 28 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि अब्दुल समद भी दो रन बनाकर नाबाद लौटे। गुजरात के लिए प्रसिद्ध ने दो विकेट लिए, जबकि राशिद और वाशिंगटन को एक-एक विकेट मिला।

# स्त्री रोग विशेषज्ञों के प्रयासों से बची महिला एवं तीन नवजातों की जान



**शिवपुरी ब्यूरो।** करैरा विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरसौद से रैफर होकर जिला अस्पताल पहुंची उच्च जोखिम वाली गर्भपवती महिला का स्त्री रोग विशेषज्ञों ने तत्काल ऑपरेशन कर न केवल महिला की जान बचाई बल्कि तीन नवजात बच्चों का सकुशल जन्म भी कराया। आपरेशन के बाद जहां महिला को एचडीयू में भर्ती किया गया है वहीं बच्चे एसएनसीयू में उपचार लाभ ले रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय ऋषीश्वर ने जानकारी देते हुए बताया कि करैरा विकासखंड के ग्राम सिरसौना की 22 बर्षीय बर्षा पत्नी विवेक पाल, विवाह के उपरांत पहली बार गर्भवती हुई थी। महिला ने गर्भावस्था काल में करैरा में निजी चिकित्सकों से उपचार कराया। वर्षा को जहां खून की कमी थी वहीं उसका ब्लड प्रेशर भी खासा बडा हुआ था। जब उसे प्रसव पीड़ा प्रारंभ हुई तो परीजन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरसौद लेकर पहुंचे जहां परीक्षण उपरांत गर्भवती महिला को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया। जहां स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मोना गुप्ता ने महिला का परीक्षण कर तत्काल रक्त की व्यवस्था कर ऑपरेशन करना सुनिश्चित किया। जिसमें महिला ने दो लड़की व एक लड़के को जन्म दिया। तीनों नवजातों का बजन निर्धारति मापदंडों से खासा कम था तो तत्काल बच्चों को एसएनसीयू में रैफर कर दिया जहां बच्चे उपचार लाभ ले रहे है और सकुशल हैं। इसके बाद प्रसूता को भी एचडीयू में शिफट कर दिया गया जहां वह भी सकुशल है।

**यदि समय पर न होता ऑपरेशन तो तीनों बच्चों के साथ माँ की जा सकती थी जान**

जिला अस्पताल की स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ डॉ मोना गुप्ता ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरसौद से रैफर होकर आई बर्षा पाल उम्र 22 बर्ष का यदि तत्काल आपरेशन तय नही किया जाता तो उसकी व बच्चों की जान जा सकती थी। महिला में रक्त बेहद कमि थी उसका ब्लड प्रेशर बडा हुआ था ऐसे में आपरेशन करना कठिन था, लेकिन कठिन प्रयास कर स्त्री रोग चिकित्सक डॉ. बबीता तोमर एवं नर्सिंग ऑफीसर प्रतिमा के सहयोग से सफल आपरेशन सपन्न हुआ उसके बाद कम बजन के बच्चे होने से उन्हें श्वसन आदि समस्या थी इसलिए एसएनसीयू में भर्ती कराया गया। मां एवं तीनों नवजात सकुशल है। जो चिकित्सकीय देखरेख में हैं।

# 25 लाख की 102 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार



**शिवपुरी ब्यूरो।** कोतवाली थाना पुलिस ने आज गुना से नशा की तस्करी करने आए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 25 लाख रूपए की 102.54 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट का केस दर्ज किया। कोतवाली टीआई कृपाल सिंह राठौड़ को मुखबिर से मेडिकल कॉलेज के सामने पाम पार्क तिराहे की सूचना मिली थी। वहां एक युवक संदिग्ध हालत में बाइक के साथ खड़ा था। पुलिस को देखकर वह भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान नीरज राणा के रूप में बताई। वह गुना जिले के मृगवास थाना क्षेत्र के दस्याखेड़ी का रहने वाला है। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो भारी मात्रा में स्मैक मिली। पुलिस ने स्मैक और बाइक को जब्त कर लिया है। दोनों की कुल कीमत करीब 25.60 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। उसे न्यायालय में पेश किया गया है। एसपी अमन सिंह राठौड़ के निर्देश पर जिले में नशे के खिलाफ अभियान चल रहा है। पुलिस बाहर से आने वाले नशा तस्करों पर विशेष नजर रख रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली टीआई कृपाल सिंह राठौड, उनि. दीपक पालिया, प्रआर नरेश यादव, रघुवीर पाल, प्रमोद पुरोहित, आर. राहुल कुमार, भूपेन्द्र यादव, शिवांशु यादव, अजय यादव, भरत मिलन यादव, अजय यादव, भोले सिंह, महाराज सिंह, अजीत सिह, टिंकू सिंह, जगदीश रावत की सराहनीय भूमिका रही।

# जिला अस्पताल में नवजात को मिली नई जिंदगी, डॉ. देवेंद्र कौशिक ने किया सफल इलाज



**शिवपुरी ब्यूरो।** अल्का/अमर बाल्मीकि के नवजात शिशु को जन्म के तुरंत बाद गंभीर श्वसन समस्या (रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस) और शरीर में नीलापन (सायनोसिस) की शिकायत पर जिला अस्पताल शिवपुरी में भर्ती कराया गया। स्थिति बेहद नाजुक थी, लेकिन समय रहते शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर देवेंद्र कौशिक द्वारा की गई तत्परता और विशेषज्ञ जांच के कारण शिशु की जान बचाई जा सकी।

डॉ. कौशिक ने नवजात की पूरी जांच की, जिसमें छाती पर मर्मर (असामान्य ध्वनि) सुनी गई। इस आधार पर तुरंत इकोकार्डियोग्राफी कराई गई, जिसमें दो जन्मजात हृदय दोष पाए गए। एक 6 मिमी का वीएसडी (वेंट्रिकुलर सेप्टल डिफेक्ट) और एक 4 मिमी का एएसडी (एट्रियल सेप्टल डिफेक्ट)। ये दोनों ही स्थितियाँ नवजात की जान के लिए खतरा बन सकती थीं, लेकिन जिला अस्पताल में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं और अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने इसे चुनौती की तरह लिया। समय रहते शिशु का समुचित इलाज शुरू किया गया, और पूरी देखरेख के बाद नवजात को सफलतापूर्वक स्वस्थ अवस्था में छुट्टी दे दी गई। यह घटना इस बात का प्रमाण है कि अब जिला अस्पताल शिवपुरी में नवजातों के लिए उन्नत और जीवनरक्षक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हैं। परिजनों ने डॉक्टर देवेंद्र कौशिक और अस्पताल स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला अस्पताल में जिस तरह का इलाज मिला, वह निजी अस्पतालों से किसी भी तरह कम नहीं है। जिला अस्पताल शिवपुरी में अब गंभीर से गंभीर नवजात शिशु रोगों का इलाज संभव है, बशर्ते समय पर अस्पताल लाया जाए। डॉक्टर देवेंद्र कौशिक जैसे विशेषज्ञों की मौजूदगी जिले के लिए एक सौभाग्य है।

**इनका कहना है**

जिला अस्पताल शिवपुरी में अब नवजात शिशुओं के जटिल रोगों का भी प्रभावी इलाज संभव है। यह हमारे डॉक्टरों की विशेषज्ञता और अस्पताल में उपलब्ध उन्नत संसाधनों का परिणाम है। डॉक्टर देवेंद्र कौशिक और उनकी टीम ने जिस तत्परता और समर्पण से कार्य किया, वह सराहनीय है। हमारा प्रयास है कि हर जरूरतमंद को समय पर बेहतर इलाज मिले।



**डॉ. संजय ऋषिश्वर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, शिवपुरी**

# पर्वतों के नीचे प्रगति की फुसफुसाहट



**जम्मू कश्मीर।** हिमालय की ऊँचाइयों के बीच, जहाँ बादल धरती को चूमते हैं और घाटियाँ रहस्य फुसफुसाती हैं, भारतीय रेल का सपना उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक (USBRL) के रूप में पूरी तरह साकार हो रहा है। इस परियोजना की भव्यता इसके सुरंगों में झलकती है – ये छुपे हुए रास्ते न केवल भूगोल को जीतते हैं बल्कि भविष्य की गति के लिए मार्ग भी प्रशस्त करते हैं। स्क्क्रू की 272 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन में से 36 प्रमुख सुरंगें लगभग 119 किलोमीटर को कवर करती हैं। इनमें से कुछ सुरंगें इतनी लंबी और जटिल हैं कि वे इंजीनियरिंग उत्कृष्टता के मील के पत्थर बन चुकी हैं।

1. T-50 – भारत की सबसे लंबी परिवहन सुरंग

लंबाई 12.77 किमी 7 स्थान– सुम्बर खरी

T-50 सुरंग, भारत की सबसे लंबी परिवहन सुरंग है, जो कश्मीर घाटी को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाली एक जीवनरेखा बनकर खड़ी है। इसे ÷न्यू टनलिंग मेथड÷ से बनाया गया है, और यह क्वार्टजाइट, ग्नाइस और फिल्लाइट जैसे कठिन चट्टानों से होकर गुजरती है। इसमें एक मुख्य मार्ग के साथ-साथ एक समानांतर सुरक्षा सुरंग है, जो हर 375 मीटर पर क्रॉस-पैसेज से जुड़ी हुई है। निर्माण के दौरान भूस्खलन, अत्यधिक पानी का रिसाव, कमजोर ज़ोन और ज्वालामुखीय चट्टानों की चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इंजीनियरों ने तीन एडिट (प्रवेश सुरंगें) बनाकर एक साथ कई बिंदुओं से खुदाई कर कार्य में तेजी लाई।

**2. T-80 – पीर पंजाल में कश्मीर की रीढ़**

लंबाई–11.2 किमी 7 स्थान– बनिहाल काज़ीगुंड

पीर पंजाल पर्वतमाला के नीचे बनी T-80 सुरंग जम्मू और कश्मीर के बीच साल भर संपर्क सुनिश्चित करती है। यह बर्फबारी और ऊँचाई की बाधाओं को पार करके व्यापार और आवागमन को काफी बेहतर बनाती है, और स्क्क्रू की 'रीढ़' मानी जा सकती है।

**3. T-34 दोहरी संरचना की इंजीनियरिंग**

लंबाई– 5.099 किमी 7 स्थान– पाई-खड्ड से अंजी खड्ड

यह सुरंग दोहरी टनल प्रणाली पर आधारित है – एक मुख्य सुरंग ट्रेन संचालन के लिए और एक समानांतर सुरक्षा सुरंग, जो हर 375 मीटर पर क्रॉस-पैसेज से जुड़ी हुई है। यह भारत के पहले केबल-स्टे रेलवे ब्रिज, अंजी खड्ड पुल से जुड़ी हुई है।

4. T-33 त्रिकुट की छाया में चुनौतीपूर्ण मार्ग

लंबाई– 3.2 किमी 7 स्थान– कटरा बनिहाल खंड

T-33 सुरंग, त्रिकुट पर्वत की तलहटी में कटरा-बनिहाल मार्ग का सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सा है। कमजोर डोलोमाइट और मेन बाउंड्री थ्रस्ट ज़ोन से गुजरते हुए इसे बनाने में कई भूगर्भीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। अक्टूबर 2017 में एक बड़ी ढहावट के बाद कार्य रुक गया था। मार्च 2022 में ÷आई-सिस्टम ऑफ टनलिंग÷ को अपनाया गया जिसमें गहरी निकासी प्रणाली, पाइप रूफिंग, केमिकल ग्राउटिंग और मजबूत समर्थन शामिल था। 20 दिसंबर 2023 को इस सुरंग में सफलता पूर्वक break-through प्राप्त हुआ।

5. T-23 तकनीकी नवाचार का उदाहरण

लंबाई– 3.15 किमी 7 स्थान– उधमपुरङ्कचक रकवाल

T-23, इस खंड की सबसे लंबी सुरंग है जिसमें बिना बैलास्ट की ट्रैक प्रणाली है। 2008 में इसमें भारी दबाव, सूजन और नीचे की ओर उठाव जैसी समस्याएँ आईं। विशेषज्ञ हस्तक्षेप के बाद इसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

6. T-1 उन्नत तकनीक से बनी सुरंग

लंबाई– 3.209 किमी

T-1 सुरंग भी मुख्य सीमा रेखा (Main Boundary Thrust) की चुनौतियों से जूझी, जिसमें भारी कीचड़ और पानी का रिसाव शामिल था। आई-सिस्टम ऑफ टनलिंग÷ तकनीक से इन समस्याओं का समाधान किया गया।

7. T-25 भूमिगत जलधारा से जंग

**लंबाई– 3 किमी**

T-25 सुरंग का निर्माण छह वर्षों तक चला, जिसमें सबसे बड़ी चुनौती 2006 में खुदाई के दौरान खोजी गई भूमिगत जलधारा थी। यह धार 500 से 2000 लीटर प्रति सेकंड पानी बहा रही थी। इस प्राकृतिक चुनौती का सामना करते हुए सुरंग निर्माण सफलतापूर्वक पूरा किया गया। SBRL की ये सुरंगें हिमालय की गोद में जीवनरेखाएं हैं, जो कश्मीर को भारत के दिल से जोड़ती हैं। हर सुरंग एक कहानी कहती है – संघर्ष, नवाचार और विजय की। ये सुरंगें न केवल संपर्क का प्रतीक हैं बल्कि भारत की अडिग संकल्प शक्ति की मिसाल भी हैं।

# बदरवास पुलिस ने अवैध रूप से रेत का परिवहन करते ट्रेक्टर ट्राली को किया जब्त



**शिवपुरी ब्यूरो।** बदरवास थाना पुलिस ने अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए एक ट्रेक्टर ट्राली को जब्त किया है। बदरवास पुलिस को मुखविर व्दारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपने ट्रेक्टर में अवैध रेत एनवारा घाट तरफ से भरकर ग्राम दीगौद तरफ ले जा रहा है सूचना की तस्दीक हेतु रवाना होकर रायजिंग सोल्स स्कूल के पास दीघौद पहुंचे तो एनवारा घाट तरफ से एक पावरट्रेक ट्रेक्टर क्रमांक स्क्क्334264 मय ट्राली के आते दिखा जिसको रोककर चैक किया तो ट्रेक्टर की ट्राली में रेत (बजरी) भरी पायी गयी पावरट्रेक ट्रेक्टर क्रमांक स्क्क्334264 के चालक से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम भीमसिंह पुत्र रामसिंह यादव उम्र 40 साल निवासी ग्राम दीघौद थाना बदरवास जिला शिवपुरी का होना बताया ट्रेक्टर ट्राली मे भरी रैत (बजरी) के लाने ले जाने के सबंध मे रॉयल्टी (वैधपत्र) चाहा तो नही होना बताया रेत का अवैध परिवहन करते पाया जाने से ट्रेक्टर को मय रेत से भरी ट्राली के विधिवत जप्त कर कार्यवाही की गई है। उक्त कार्रवाई में निरी. विकास यादव, प्रआर शैतान सिह भील,आर. गोलू प्रजापति, अनिल सिकरवार, नीरज ओझा, निर्मल बारेला, नेपाल भील की अहम भूमिका रही।

# देहात पुलिस ने कट्टे के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार



**शिवपुरी ब्यूरो।** देहात थाना पुलिस ने वारदात की नियत से हथियार लेकर घूम रहे एक आरोपी को श्मशान घाट रोड से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का देशी कट्टा एवं एक जिंदा राउण्ड जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। देहात टीआई रत्नेश सिंह यादव के अनुसार मुखबिर की सूचना पर हवाई पट्टी के सामने शमशान घाट रोड पर हथियार लेकर वारदात करने की नियत से घूम रहे आरोपी मोनू जोशी पुत्र भरत जोशी उम्र 21 साल निवासी जवाहर कॉलोनी शिवपुरी को गिरफ्तार किया है उसके कब्जे से एक 315 बोर का देशी कट्टा मय 1 जिन्दा राउंड जप्त किया है। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर आरोपी को जेआर. पर माननीय न्यायालय शिवपुरी पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में निरी. रत्नेश सिंह, प्रआर. दीपचन्द्र, आदेश धाकड़, विनय सिंह, मोहन सिह चौहान, सुरेन्द्र दुबे, सतीश चौधरी, धर्मेन्द्र सेगर, आर.बदनसिंह, दिनेश सिंह, मनोज, रनवीर शर्मा की मुख्य भूमिका रही है।

# बिना अनुमति वृक्षारोपण कराने पर पोहरी जनपद सीईओ निलंबित

**शिवपुरी ब्यूरो।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने जनपद पंचायत शिवपुरी जिले के पोहरी के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी गिर्राज शर्मा को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई बिना विभागीय अनुमति के वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करने और दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने पर की गई है। गुरुवार को देवपुरा ग्राम पंचायत में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंत्री प्रहलाद पटेल ने प्रशासनिक लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए मंच से ही अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा, तुम पूरे समय नौटंकी करने वाले लोग हो! इसके बाद वे गुस्से में कार्यक्रम छोड़कर चले गए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। विभागीय गाइडलाइन के विरुद्ध कार्यक्रम जनपद सीईओ ने जल गंगा संवर्धन अभियान के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम कराया, जबकि विभागीय गाइडलाइन के अनुसार वृक्षारोपण की निर्धारित तिथि 20 जून के बाद है। इस कार्यक्रम से आमजन को गुमराह किया गया और मीडिया में भ्रामक संदेश प्रसारित कराए गए। विभाग ने इस अनुशासनहीनता को गंभीरता से लेते हुए म.प्र. सिविल सेवा नियम, 1966 के तहत गिर्राज शर्मा को निलंबित किया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय भोपाल स्थित विकास आयुक्त कार्यालय निर्धारित किया गया है, जहां उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।

# घर से भागा प्रेमी जोड़ा, आर्य समाज मंदिर ग्वालियर में की शादी

## वीडियो जारी कर कहा- परिवार से कोई संबंध नहीं



**शिवपुरी ब्यूरो।** खनियाधाना कस्बे के रहने वाले प्रेमी युगल ने घर से भागकर शनिवार को ग्वालियर में आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली। शादी के बाद दोनों ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर अपनी मर्जी से विवाह करने की बात कही है। जानकारी के मुताबिक खनियाधाना निवासी 20 वर्षीय नैना शुक्रवार को अचानक घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की शिकायत खनियाधाना थाना में दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की।शनिवार को नैना और खनियाधाना निवासी सैलून संचालक चंद्रशेखर सेन का एक वीडियो सामने आया। कपल ने आर्य समाज मंदिर में शादी करने की जानकारी दी। नैना ने कहा कि वह चंद्रशेखर से पिछले 6 वर्षों से प्रेम करती है, लेकिन जातीय भेदभाव के कारण परिजन इस रिश्ते से सहमत नहीं थे। नैना ने एक अलग वीडियो में स्पष्ट किया कि उसने अपनी मर्जी से घर छोड़ा है और अब उसका अपने परिवार से कोई संबंध नहीं है। उसने परिजनों से अनुरोध किया कि वे उनका पीछा न करें।



**यह बच्चा थाना इंदरगंज पर बैठा हुआ है। जो अस्पताल रोड पर मिला है। अपना नाम देवांश और पिता का नाम संजय बता रहा है। अगर किसी थाने पर इसकी गुमने की सूचना प्राप्त हो तो संपर्क करें।**



**सतना। चित्रकूट धाम स्वास्थ्य सेवा यात्रा 2.0 अंतर्गत 12 से 14 अप्रैल तक 150 ग्राम पंचायतों में एक साथ लगने वाले स्वास्थ्य जागरूकता एवं उपचार शिविर का शुभारंभ शनिवार को उद्यमिता परिसर चित्रकूट के डॉ राममनोहर लोहिया सभागार में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला की उपस्थिति में किया गया।**

# हनुमान मंदिरो में रही भक्तो की भीड, सुख, शांति के लिए की पूर्जा अर्चना

## विशेष रूप से सजाये गए मंदिरा में सुन्दरपाठ, हनुमान चालीसा का हुआ पाठ जगह-जगह भण्डारे एवं कन्या भोज का किया आयोजन





**मुरैना,कांस।** हनुमान जन्मोत्सव चैत्र मास की पूर्णमा के दिन हनुमान जन्मोत्सव को जिले भर में बडे हर्षोउल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया है। हिन्दू धर्म में यह त्यौहार बहुत ही महत्वपूर्ण त्यौहारो में से एक माना जाता है। हनुमान जी श्रीराम जी के सच्चे भक्त एवं सेवक थे, वे अपनी शक्ति एवं ताकत के लिए जाने जाते है। हनुमान जन्मोत्सव के पावन त्यौहार पर शहर के हनुमान मंदिरो को विशेष रूप से सजाया गया है, हनुमान मंदिरों में सुबह से भी भक्तो की भीड देखने को मिली श्रद्धालु हनुमान मंदिरों पर विशेष पूजा, अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। जिले के हनुमान मंदिरों में सुबह से ही हनुमान चालीसा का पाठ,सुन्दर काण्ड, भजन कीर्तन के आयोजन हुए। जिले के प्राचीन मंदिर कटीवरी हनुमान मंदिर पर दो दिवसीय मेले का आयोजन आज से शुरू हुआ। इस मेले में बडी संख्या लोग पवन पुत्र हनुमान जी की पूर्जा अर्चना की है। बताया गया है कि इस प्राचीन मंदिर पर जो भी लोग आते है उनकी मुराद पूरी हो जाती है। घरोना सरकार पर होगी श्रद्धालुओ की भीड- शहर से महज पांच किलो मीटर दूरी हाईवे किनारे प्राचीन हनुमान मंदिर घरोना सरकार पर वैसे तो हर मंगलवार एवं शनिवार को सैकडो की संख्या में लोग पूजा अर्चना करने जाते है लेकिन हनुमान जन्मोत्सव पर इस प्राचीन मंदिर को भव्यता के साथ पुष्प मालाओ से सजाया गया तथा विशेष रूप से लाइटिंग की व्यवस्था की। हाईवे पर होने के कारण मंदिर पर भारी संख्या में भक्तजन देखे गए जिसके कारण हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही। भक्त गणो ने जगह-जगह शीतल एवं सर्वत की व्यवस्था की गई तथा भण्डारो में लोगो ने प्रसादी ग्रहण की। बाग बोहरे वाले हनुमान मंदिर- एसपी ऑफिस के सामने एबी रोड विक्रम नगर पर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर एवं सिद्ध वाले हनुमान मंदिर पुरानी कलेक्ट्रेट हर वर्ष की भॉति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव पर भक्तगणो द्धारा विशेष पूजा अर्चना कर सुख शांति की कामना की। पुरानी कलेक्टट में संकट मोचन हनुमान मंदिर पर हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर सुंदर काण्ड का आयोजन किया गया आयोजन कर्ता पुजारी विद्याधर गणेशाराम शर्मा, वीरेंद्र मथुरिया, ध्रुव सिंह चौहान, शैलेंद्र शर्मा, योगेश शर्मा, मनोज गुप्ता, अनिल तिवारी समस्त भक्त मंडल उपस्थित रहे। इसी प्रकार जिले के सभी मंदिरो में सुबह से ही भक्तो की भीड देखने को मिली। हनुमान जन्मोत्सव पर जिले में कई जगह दंगलो का आयोजन किया गया।

# श्री शिवगंगा इंटरनेशनल स्कूल शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी प्रदान करेगा : सांसद तोमर

## नंदेपुरा रोड पर विद्यालय का शुभारंभ किया



**मुरैना,कांस।** श्री शिवगंगा इंटरनेशनल स्कूल भगवती गार्डन के पास नंदेपुरा रोड बड़ोखर का शुभारंभ सांसद शिवमंगल सिंह तोमर द्वारा किया गया। श्री तोमर मुख्य अतिथि के रूप में मंचासीन थे। कार्यक्रम के विशेष अतिथि पूर्व विधायक रघुराज सिंह कंषाना थे। स्कूल के संचालक डॉ. बी.एस. राठौर हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में आमंत्रित अतिथियों ने फीता काटकर श्री शिवगंगा इंटरनेशनल स्कूल का शुभारंभ किया। तत्पश्चात् आमंत्रित अतिथियों ने माँ वीणा वादिनी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने कहा कि श्री शिवगंगा इंटरनेशल स्कूल सुभाषनगर व नंदेपुरा क्षेत्र के शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेगा। इस विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को व्यक्तित्व विकास व भारतीय संस्कृति की शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके संचालक प्रोफेसर राठौर कर्तव्यनिष्ठ व ईमानदार प्राध्यापक रहे हैं। वे अपने कुशल नेतृत्व में विद्यालय का चहुंमुखी विकास करेंगे। पूर्व विधायक रघुराज सिंह कंषाना ने कहा कि यह विद्यालय इस क्षेत्र के बच्चों के लिए शिक्षा के मामले में मील का पत्थर साबित होगा। इस दौरान बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर लगभग दो सैकड़ा विद्यार्थी व उनके अभिभावक मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय संचालक प्रोफेसर राठौर ने सभी आमंत्रित अतिथियों का आभार व्यक्त किया।




# मन्दिरों पर मना हनुमानजी का जन्मोत्सव लगा छप्पन भोग



**झुण्डपुरा।** चैत्र शुक्ल पक्ष पूणिमा पर विभिन्न मन्दिरों पर हनुमानजी का जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति से लोगों ने मनाया।मन्दिरों पर हनुमानजी की विशेष पूजा अर्चना की गई हनुमान मंदिर पर अखण्ड रामायण, सुन्दरकाण्ड, हनुमान चालीसा, बंजरग बांण,सहित कथा सहित विभिन्न आयोजन किए गए। झुण्डपुरा क्षेत्र में घटा वाले हनुमान जी के प्रति लोगों में अगाध श्रद्धा है इसलिए प्रमुख आयोजन यहां किया गया तथा छप्पन भोग लगाया गया, यहां सुबह से ही भारी भीड़ लगी।अंचल के घटा वाले हनुमान मंदिर पर मेला लगा वहीं सेढ वाले हनुमानजी, बृजगढी ,दुर्गनाथ मन्दिर, पंचमुखी हनुमान, पसार वाले,कुआ वाले केमोखर,चेलापुरा कडावना , धोरेट सरकार हनुमान,हनुमानजी मन्दिरों को विशेष रूप से सजाया गया तथा हनुमानजी की विशेष पूजा अर्चना की गई।सिमरौदा ऐचोली गांव में स्थित प्राचीन लोटन सरकार हनुमान मंदिर पर हनुमानजी की पण्डित प्रदीप शर्मा ने विधिवत पूजा अर्चना एवं हवन पूजन कराया ।इसके के बाद महा आरती की गई ।इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें स्थानीय लोगों के साथ आसपास के लोग सम्मिलित हुये। स्थानीय लोगों के साथ प्रसादी ग्रहण करने आये अन्य गावों के लोगों ने हनुमानजी से आशीर्वाद प्राप्त किया। घटा वाले हनुमान मंदिर पर पण्डित गिरीश बुधौलिया ने बताया कि मन्दिर पर हनुमानजी की जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया बाबा को छप्पन भोग फूल बंगला लगाकर विशेष पूजा अर्चना की गई घटा वाले हनुमान पर लोगों ने अपनी अर्जी लगाई बाबा उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं यहां विशाल मेला का आयोजन किया गया।

# विशाल दंगल मे कई प्रांतों से आए पहलवानों ने अपनाए दाव पेंच





**झुण्डपुरा।** कस्बे में विशाल दंगल का आयोजन किया गया जिसमें मध्यप्रदेश राजस्थान उत्तरप्रदेश हरियाणा पंजाब सहित पांच राज्यों के पहलवानों ने भाग लिया आखिरी कुस्ती बराबर पर छूटी दंगल को देखने स्थानीय लोगों के साथ दूर दूर से कुस्ती प्रेमी आये। दंगल आयोजित समिति झुण्डपुरा द्वारा दंगल का आयोजन किया गया दोपहर से ही गर्मी की परवाह किए बिना भीड़ बढ़ती गई दंगल एक बजे से शुरू हुआ जो देर शाम आखिरी कुस्ती 21000 रुपए नगद पुरस्कार के लिए आकाश पण्डित इलाहबाद और संजू मुरैना के बीच हुई काफी मस्कत के बाद भी हार जीत का फैसला नहीं हुआ तो दोनों पहलवानों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। अन्य पहलवान आकाश गुलाब पुरा,विकास,अयान बाडी,अन्नू जाटव, हिमांशु शर्मा झुण्डपुरा, लवकुश खेरो, रामधार, राधेश्याम गुर्जर (151) विनेश अकबरपुर, राज शर्मा झुण्डपुरा, प्रकाश केवट, आकाश गुर्जर , विक्की श्रीवास, हिमांशु शर्मा झुण्डपुरा, विजेन्द, सचिन, भरत, प्रथ्वी, (200) मोहित घाडोर, सोनू, भरत, आकाश गुलाब पुरा, (300) रिषीकेश गुर्जर, मोहित घाडोर, (500) रामदास नौरावली, भूरा पमारी,हिमांशु शर्मा, (700) लल्ला मुरैना, (1100) सौरभ मुरैना (1500) सिंघराम गुर्जर,सचिन गोलारी,रामब्रज बाडी,(2100) मनोज फिरोजाबाद,बन्टी अटार ,रिषीकेश मुरैना,जयवीर हरियाणा,मनोज (4100) जयवीर पलवल(5100) विजेन्द्र डीआर पी लाइन ,विशाल अटार (11000) 21000 की आखरी कुश्तीआकाश पंडित इलाहाबाद ,संजू मुरैना के बीच हुई जिसमे दोनो पहलवान बराबर रहे। दंगल को देखने कस्बे में भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे सुरक्षा के लिए थाना प्रभारी शंभुदयाल बाथम के नेतृत्व में पुलिस स्टाफ मौजूद रहा जिससे कोई अप्रिय घटना न हो।

# आज विद्युत सप्लाई अवरूद्ध रहेगी

**मुरैना,कांस।** विद्युत मंडल के प्रबंधक ने बताया कि मेन्टीनेंश कार्य को ध्यान में रखते हुये 11 केव्ही फीडरों से सप्लाई होने वाली विद्युत 13 अप्रैल को पूर्वान्ह 11 से दोपहर 01 बजे तक बंद रहेगी। जिसमें कोतवाली फीडर से नेहरू पार्क, रेल्वे स्टेशन, रूई की मंडी, लोहिया बाजार, सदर बाजार, छोटी बजरिया, हनुमान चौराह, पंसारी बाजार, मारकण्डेश्वर बाजार, पुरानी कलेक्ट्रेट के पीछे वाला क्षेत्र, केतवाली पड़ाव, सिकरवारी बाजार, बिहारी जी का पड़ाव, लुहार गली, तेली पाड़ा, कुलयाना मोहल्ले की विद्युत बंद रहेगी। इसी प्रकार गांधी कॉलोनी फीडर से प्रकाश कॉन्वेंट वाली गली, गांधी मैरिज होम, बाल निकेतन रोड़, राधिका पैलेस वाला क्षेत्र, टीआईटी और संपूर्ण गांधी कॉलोनी की विद्युत बंद रहेगी। एसएस सिटी फीडर से गणेशी हॉस्पीटल, जिला पंचायत कार्यालय, एसपी बंगला वाला क्षेत्र, गायत्री कॉलोनी, केशव कॉलोनी, चुंगी नाका, मस्जिद गली, भरबूजा गली, गुलाब गली, सांता बाग, एमएस रोड़, बिजली घर, कोट तिराह की विद्युत बंद रहेगी। कैम्पस फीडर की विद्युत बंद रहेगी और सिटी फीडर से प्यारा होटल, गांधी औषधालय, गर्ल्स कॉलेज रोड़, पुरानी जिला पंचायत क्षेत्र, गोपीनाथ की पुलिया, पंचायती धर्मशाला, कदम सिंह वाली गली, मिल एरिया, माहौर कॉलोनी सहित सब्जी मंडी आदि क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत धनेला उद्वहन सिंचाई योजना पर कुए के पास सफाई कार्य किया गया



**मुरैना,कांस।** जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत धनेला उद्वहन सिंचाई योजना पर कुए के पास साफ-सफाई का कार्य किया गया। जल संसाधन संभाग मुरैना के अधीनस्थ जल संसाधन ए.बी.सी. उपसंभाग क्र. 3 मुरैना के उपयंत्री श्री प्रदीप शर्मा एवं कु. शिवानी तोमर द्वारा 11 अप्रैल 2025 को धनेला उद्वहन सिंचाई योजना पर जल गंगा संवर्धन अभियान-2025 के अंतर्गत धनेला में कुए के पास साफ-सफाई का कार्य जन भागीदारी/जन सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में संबंधित उपयंत्री तथा गणमान्य नागरिकों एवं विभागीय मैदानी कर्मचारियों ने उपस्थित होकर श्रमदान किया।

# वन स्टॉप सेंटर पर हंगामा, लड़की के परिजनों ने वन स्टॉप सेंटर के कर्मचारियों पर लगाए गंभीर आरोप...




**मुरैना,कांस।** वन स्टॉप सेंटर में रह रही लड़की को लेने आए थे अनजान लोग, लड़की के परिजनों ने 50 हजार रुपए लेने का लगाया आरोप, चार दिन पहले पोरसा थाना क्षेत्र के बुधारा गांव से अपने प्रेमी के साथ गई लड़की को पुलिस ने भेजा था वन स्टॉप सेंटर, लड़की के परिजनों को देखते ही वन स्टॉप सेंटर में बैठे 3 व्यक्तियों में से एक व्यक्ति दीवार कूद कर भागा, लड़की को लेने आए दोनों व्यक्तियों को पुलिस कोतवाली लेकर पहुंची, पकड़े गए 2 लोगों से पुलिस कर रही है पूछताछ, वन स्टॉप सेंटर पहुंचे व्यक्तियों ने अपने आप को बताया मानव अधिकार आयोग का सदस्य, पुलिस की हुई पूछताछ में नहीं बता पाया कोई भी आईडी प्रूफ, पुलिस ने बिना लिखा पड़ी करे खुद को मानव अधिकार आयोग का सदस्य बताने वाले लोगों को थाने से छोड़ा, सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के वन स्टॉप सेंटर का है पूरा मामला।

### इनका कहना है

लड़की, लड़का बालिग है दोनों ने कोर्ट से शादी कर ली। लड़की को दस्तयाब कर वन स्टॉप सेंटर भेज दिया।

**सुरेंद्र पाल सिंह डाबर**
**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक**
**मुरैना**

# परमार्थ न्यास द्वारा अंजली के विवाह में किया सहयोग हनुमानजी द्वारा संकल्पित भेंट प्रदान की



**मुरैना,कांस।** परमार्थ न्यास की सेविका कस्तूरी की बिटिया अंजलि का विवाह सुनिश्चित हुआ था जिसमें हनुमान जी के संकल्प के तहत सभी सेवकों द्वारा मिलकर विवाह के लिए तैयारी की गई जिसमें सेवकों द्वारा धनराशि एकत्रित की गई वहीं विवाह हेतु सामान भी एकत्रित किया विशेष रूप से प्रोफेसर रामावतार शर्मा द्वारा11000, डॉ संजय शर्मा द्वारा 11000 रुपए, डॉक्टर बी एल राजपूत द्वारा 5100 रुपए अजय तोमर जी द्वारा 5100 तथा सेवकों एवं मरीजों द्वारा अपनी स्वेच्छा से 11 से लेकर 1100 तक की राशि प्रदान की गई समस्त राशि 40000 एकत्रित हुई जिसमें एक रेफ्रिजरेटर एक टीवी एक बड़ा कूलर तथा बर्तन साड़ियां कंबल चांदी की तोड़िया बिछिया तथा 11000 नगद बिटिया के हाथों में दिए गए। सेविका गुड्डन जी द्वारा ग्रहस्ती का सामान प्रदान किया। मधु इलेक्ट्रॉनिक के श्री राहुल महेश्वरी तथा विशाल इंडस्ट्रीज के श्री विशाल सेठी जी ने भी सहयोग प्रदान किया। हनुमान जी द्वारा इस संकल्प के तहत सेवकों द्वारा सेविका कस्तूरी के घर डॉक्टर संजय शर्मा श्रीमती सुषमा शर्मा दुर्वा शर्मा अंकित पाराशर हकीम जी, अभी अग्रवाल, गौरव, ममता गुड्डी तथा सभी न्यास के सेवक भी उपस्थित हुए कस्तूरी के परिवार एवं समाज के लोगों द्वारा इस कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की गई सेवकों द्वारा भगवान श्री सीताराम जी की जय जय कार के साथ राम धुनी से घर को गुंजा दिया विशेष रूप से इस पवित्र पुण्य कार्य में मरीज भी पीछे नहीं रहे उन्होंने भी यथायोग्य अपनी ओर से सहयोग राशि प्रदान की गई परमार्थ न्यास के डॉक्टर संजय शर्मा द्वारा बताया गया इस तरह के पवित्र पुण्य कार्य में जब अपने परिवार की बिटिया ससुराल जाती है तो माता-पिता सहित परिवार वर्षों से शादी की तैयारी का तन मन धन से लग जाता है वही अंजलि की शादी में भी परमात्मा के सेवकों ने पूरी श्रद्धा से यथायोग्य सहयोग किया हनुमान जी से निवेदन है की वह समस्त परमात्मा के सेवकों की मनोकामनाएं पूरी करेंगे तथा सीताराम जी के रूप में आने वाले समस्त मरीजों की को निरोगी रखेंगे।

# गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत चलाया सफाई अभियान



**झुण्डपुरा।** नदी तालाब जैसे जलाशयों की सफाई व संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 30 मई तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के अन्तर्गत जन अभियान परिषद की नवांकुर ग्राम प्रस्फुटन समिति झुण्डपुरा और महिला बाल विकास परियोजना सबलगढ़ सेक्टर झुण्डपुरा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिका के सहयोग से जल संरक्षण के अन्तर्गत जागरुकता लाने के लिए जल स्त्रोतों के आसपास सफाई अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें लोगों को जागरूक करने के लिए जल स्त्रोतों के आसपास कचरा बोतल प्लास्टिक पन्नी उठाकर सफाई अभियान चलाया गया।नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति झुण्डपुरा में

झुण्डपुरा सेक्टर प्रभारी धर्मेन्द्र राठौर द्वारा जल संरक्षण पर विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही बताया हमें जन-जागरूकता लाना है जिससे अधिक से अधिक लोगों इस अभियान से जुड़े, श्रमदान कर जल स्त्रोतों के आसपास सफाई अभियान चलाकर अभियान को सफल बनाना है इस अवसर पर जल संरक्षण और साफ़ सफाई की शपथ दिलाई गई। ज्योति शर्मा ने कहा कि जल ही जीवन है हमें जल संसाधन का संरक्षण करने की आवश्यकता है साथ ही इसके लिए सभी में जागरूकता के लिए अभियान चलाकर जन सहयोग से जलाशयों के आसपास सफाई अभियान चलाया गया ।इस अवसर पर राजकुमारी जगा ज्योति शर्मा गोपाली मीणा रुबी वर्मा ममता जाटव माया कुशवाहा जानवी शर्मा नगर के ग्राम प्रस्फुटन समिति के सदस्य तथा महिलाएं उपस्थित रहीं।

# रास्ता रोककर मारपीट

**मुरैना,कांस।** जिले के देवगढ थाना क्षेत्र के ग्राम सुखपुरा में निवास करने वाले सुरेन्द्र सिंह पुत्र केदार सिंह सिकरवार अपने घर जा रहा था कि उसी समय पुरानी रंजिश के चलते आरोपी रविन्द्र सिह, रानी देवी, मिन्ता सिंह, मीना देवी ने एक राय होकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। थाना पुलिस ने पीडित की रिपोर्ट पर से आरोपियो के खिलाफविभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# अखिल भारतीय किसान सभा का 89 वां स्थापना दिवस जिले भर में मनाया गया।

**मुरैना/ कैलारस** – अखिल भारतीय किसान सभा की स्थापना 11 अप्रैल 1936 को लखनऊ में हुई। उस समय अंग्रेजी राज को उखाड़ फेंकने के संकल्प के साथ किसानों ने जमींदारी प्रथा समाप्त करने, बेगार समाप्त करने, लगान नहीं देने, जमीन जोतने वाले किसानों की हो। इस तरह के बुनियादी परिवर्तन के मुद्दों को लेकर संघर्ष को आगे बढ़ाया। यह संघर्ष कुर्बानियों से भरा रहा। इसमें हजारों किसान शहीद हुए देश में किसान आंदोलन ने नई करवट ली, ब्रिटिश उपनिवेश की चूलें हिल गई और अंततः देश को आजादी मिली। आज के दिन हम किसान सभा का 89 वां स्थापना दिवस मना रहे हैं। आज किसान आंदोलन के सामने नई चुनौतियां हैं उनका मुकाबला हम कर रहे है। हमारे पास विरासत है, वर्तमान भी है और भविष्य भी हमारा है। इस मौके पर मुरैना में और कैलारस में तथा जिले में कई स्थानों पर अखिल भारतीय किसान सभा के झंडे फहराए गए। कैलारस में पदयात्रा जहां से शुरू हुई उस स्थल पर किसान नेता पूर्व जनपद सदस्य जगन्नाथ सिंह धाकड़ ने झंडा फहराया। इस मौके पर हुई किसानों की सभा में बोलते हुए मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी ने कहा कि गत वर्षो में किसान आंदोलन ने इतिहास कायम किया है तीनों कृषि विरोधी काले कानून किसान संघर्ष के चलते मोदी सरकार को वापस लेने पड़े हैं। जिसमें 13 महीने के अंदर 750 किसान साथी शहीद हुए हैं। लेकिन अंततः किसान आंदोलन की जीत हुई। लेकिन अब नए सिरे से कृषि विपणन नीति के नाम पर किसानों को लूटने की तैयारी की जा रही है। एमएसपी पर फसल खरीदी की गारंटी का कानून नहीं बनाया गया है। कर्ज मुक्ति, किसान पेंशन, आवरा पशु, फ़सल बीमा सहित किसानों के सभी मुद्दे अनुत्तरित है। लेकिन देश में अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में किसान चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए अपने आप को एकजुट और संगठित कर संघर्ष के मैदान में उतर रहे हैं। अंततः पहले भी किसान आंदोलन की जीत हुई है और आगे भी जीत होगी। उन्होंने सभी किसानों को क्रांतिकारी बधाइयां दी और आगे आने वाले दिनों में किसान आंदोलन की जीत की कामना की। किसानों की सभा को मध्य प्रदेश किसान सभा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष गयाराम सिंह धाकड़ ने संबोधित करते हुए किसानों को संगठित होने और संघर्ष तेज करने की अपील की। मुरैना में किसान नेता जे के पिप्पल ने अ भा किसान सभा का झंडा फहराया। श्री कृष्णा यादव, नरोत्तम नागर, हरी सिंह माहौर, अशोक कुमार आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया। जिले भर में किसान सभा का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। झंडा फहराये गए और कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। कैलारस में स्थापना दिवस के कार्यक्रम के बाद जल भराव के निकासी की समस्या को लेकर सैकड़ो किसानों ने 10 किलोमीटर की पदयात्रा करके तहसील पर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन दिया और आगे आने वाले दिनों में आंदोलन को तेज करने का संकल्प हाथ उठाकर तहसील पर लिया गया।

# मारपीट कर जातिय अपमान किया

**मुरैना,कांस।** कोतवाली थाना क्षेत्र में एक दलित युवक की मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के करना वाली गली दत्तपुरा में निवास करने वाले छोटू पुत्र विकास जाटव ।अरोपी राजा पुत्र स्व. अशोक जैन के घर के पास था कि उसी समय आरोपी ने फरियादी का जाति सूचक गालिया देते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। थाना पुलिस ने पीडित की रिपोर्ट पर से आरोपी के खिलाफआपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया है।

# सडक हादसे में युवक की मौत

**मुरैना,कांस।** जिले के नूराबाद थाना क्षेत्र के रेस्ट हाउस के सामने तिराहे के आगे हाईवे पर जा रहे दीपक पुत्र नारायण वेश उम्र 39 साल को वाहन क्रमांक ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीसी 6484 के चालक ने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थाना पुलिस ने पीडित गोपीनाथ पुत्र नारायण वेश निवासी सुभाष कॉलौनी नूराबाद की रिपोर्ट पर से आरोपी वाहन चालक के खिलाफमामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया है।

Ministry of Cooperation | सहकारिता मंत्रालय
Government of India | भारत सरकार

राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड

International Year of Cooperatives 2025
Cooperatives Build a Better World



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# सहकार से समृद्धि



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन

एवं

## राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड तथा मध्यप्रदेश सरकार के मध्य

# सहकार्यता अनुबंध निष्पादन कार्यक्रम

**डेयरी किसानों से दूध की खरीदी सुनिश्चित कर उनकी आय में वृद्धि की अहम पहल**

मुख्य अतिथि
## अमित शाह
केन्द्रीय मंत्री, गृह एवं सहकारिता मंत्रालय

गरिमामयी उपस्थिति
## डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**13 अप्रैल, 2025 | दोपहर 1:00 बजे | रवीन्द्र भवन, भोपाल**



### हर ग्राम पंचायत में डेयरी सहकारी समिति एवं कलेक्शन सेंटर होंगे स्थापित

- दुग्ध उत्पादकों को उनके **द्वार पर ही दूध विक्रय** की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी
- 6 हजार दुग्ध समितियों को बढ़ाकर 9 हजार एवं दुग्ध संकलन 10 लाख से 20 लाख लीटर प्रतिदिन करने का लक्ष्य। **18 हजार गांव होंगे लाभान्वित**
- को-ऑपरेटिव-पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप (सीपीपीपी) के माध्यम से सहकारी समितियों को उपलब्ध कराये जायेंगे व्यवसाय के नए अवसर

साँची Sanchi

### प्रदेश के साँची ब्रांड की पहचान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में कदम...

- ₹ 2500 करोड़ के निवेश लक्ष्य से प्रत्येक जिले में **साँची डेयरी** के साथ **मिल्क कूलर, मिनी डेयरी** एवं **चिलिंग सेंटर** खोले जायेंगे
- साँची डेयरी संयंत्रों की क्षमता में वृद्धि करते हुए 18 लाख लीटर प्रतिदिन से बढ़ाकर 30 लाख लीटर किया जायेगा
- **आय में वृद्धि**, डेयरी किसानों की आय ₹ 1700 करोड़ से बढ़ाकर ₹ 3500 करोड़ करने का लक्ष्य



### ₹ 787 करोड़ के निवेश से दुग्ध प्रसंस्करण के लिए विकसित होगी बुनियादी अवसंरचना

- दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु नवीन योजना **"डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना"** की स्वीकृति। योजना में 25 दुधारु पशुओं की ₹ 42 लाख तक लागत की डेयरी इकाई लगाने के लिए ऋण सहायता
- स्वावलंबी गौशालाओं की स्थापना की नीति - 2025 अंतर्गत प्रदेशभर में **पीपीपी मोड पर स्वावलंबी गौशाला** का निर्माण किया जाएगा
- गौशाला में प्रति गाय दी जाने वाली **₹ 20 की राशि बढ़ाकर ₹ 40** की गयी है

D-11007/25

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh @jansamparkMP
JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी
आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2025